


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 120

ग्वालियर, रविवार , 20 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धर्मगुरूओं सहित सभी गणमान्य नागरिकों से की सहयोग की अपील

# कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान: 21 जून को प्रात: 10 बजे आरंभ होगा अभियान

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 21 जून को कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अतर्गत प्रदेश में 7 हजार वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीनेशन की व्यवस्था की जायेगी। हमारा प्रयास है कि वैक्सीनेशन महाअभियान में एक दिन में 10 लाख से अधिक व्यक्ति वैक्सीनेशन करायें। यह अभियान धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनैतिक दलों, सांसदों, मंत्रियों, विधायकों, जन-प्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए वातावरण निर्माण में सभी से सहयोग की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास से प्रदेश के सभी जिलों के गणमान्य नागरिकों को वर्चुअली संबोधित किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कोरोना की दूसरी लहर में बहुत नुकसान उठाया है:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर पहली से बहुत अधिक घातक थी, वायरस ज्यादा संक्रामक था। परिणाम स्वरूप हमने बहुत नुकसान उठाया। संक्रमण की तीव्रता के सात दिनों की भयावहता आज भी मन-मस्तिष्क पर बनी रहती है। हमने दिन रात कोशिश कर जनता के इलाज की व्यवस्था के लिए ऑक्सीजन, दवाइयों, इंजेक्शन्स आदि की उपलब्धता एवं व्यवस्था की। आपके आशीर्वाद और सहयोग तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्नेह पूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग से हम स्थिति का सामना करने में सक्षम हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से प्रदेश में ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए एयर फोर्स के विमान और रेलों का उपयोग किया गया। रेमडेसिविर इंजेक्शन, दवाइयाँ और अन्य व्यवस्थाएँ बनाने में दिन-रात एक किया। परिणामस्वरूप अब प्रदेश में संक्रमण नियंत्रण में है। कल पूरे प्रदेश में मात्र 110 केस आए। इंदौर और भोपाल में भी संक्रमण नियंत्रण में है। कई जगह प्रकरण शून्य हैं। कुछ जिलों में प्रकरणों की संख्या एक-दो है।



**वायरस अभी गया नहीं है:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वायरस अभी गया नहीं है। इंग्लैंड में 90 दिन के लॉकडाउन के बाद पुन: कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ना शुरू हो गई। परिणामस्वरूप वहाँ अब लॉकडाउन पूरी तरह से नहीं खोल रहे हैं अर्थात वायरस अभी मौजूद है। मैं यह तथ्य आप की जानकारी में लाना चाहता हूँ, जैसे ही अनलॉक होता है, मिलना-जुलना शुरू होता है वैसे ही वायरस फिर से फैलना शुरू कर देता है।

**बार-बार लॉकडाउन संभव नहीं:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तीसरी लहर की संभावना व्यक्त की जा रही है, फिर पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या बढ़ सकती है, पर हम बार-बार लॉकडाउन नहीं कर सकते। व्यापार और रोजगार को कब तक बंद करेंगे। गरीब चौपट हो जाता है, व्यापार नष्ट हो जाता है, उद्योगों को नुकसान होता है। अत: ऐसा तरीका ढूंढ़ना होगा जिससे दुनिया भी चलती रहे और कोविड के संक्रमण को नियंत्रित भी किया जा सके। उद्योग, दुकान, व्यापार, आर्थिक गतिविधियाँ और सामाजिक काम-काज चलाते हुए हम कोविड के संक्रमण पर नियंत्रण करेंगे। यह काम सरकार अकेले नहीं कर सकती। इसमें समाज की प्रमुख हस्तियों, धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग चाहिए। आपका समाज में प्रभाव है, लोग आपकी बात मानते हैं, इसलिए यदि आप जुटेंगे तो हम संक्रमण को पूरी तरह थाम कर प्रदेश को चलाते रहेंगे।

**टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट और माइक्रो कन्टेनमेंट से रखेंगे संक्रमण पर नियंत्रण:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो रणनीति बनाई है उसमें हम आपको भागीदार बनाना चाहते हैं और आपका सहयोग चाहते हैं। रणनीति के अंतर्गत हम टेस्ट बड़ी संख्या में करेंगे। प्रतिदिन 75 से 80 हजार टेस्ट होंगे। समस्या यह है कि लोगों को लगता है कि जब बीमार नहीं हैं तो टेस्ट किस बात का, टेस्ट हम क्यों करवाएँ। टेस्ट में समस्या आ रही है। मैं अपील करता हूँ कि आप भी लोगों से कहें कि टेस्ट कराने में क्या परेशानी है।

## खास खबर

### असम में 4.2 तीव्रता का भूकंप, पूर्वोत्तर में 24 घंटे में 5 बार कांपी धरती

**गुवाहाटी (ए)।** असम में शुक्रवार देर रात 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में यह पांचवां भूकंप है। भूकंप से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक रिपोर्ट में कहा भूकंप देर रात एक बजकर सात मिनट पर आया और उसका केंद्र सोनितपुर के जिला मुख्यालय तेजपुर के समीप 30 किमी की गहराई में स्थित था। राज्य में दो बार भूकंप आया, जिसमें से एक 4.1 तीव्रता का भूकंप था और इनके केंद्र भी सोनितपुर जिले में ही थे। असम के अलावा शुक्रवार को मणिपुर के चंदेल जिले में भी तीन तीव्रता का भूकंप आया और इसके बाद 2.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया जिसका केंद्र मेघालय के पश्चिम खासी हिल्स जिले में था। किसी भी भूकंप में जान या माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### भारी बारिश को लेकर उत्तराखंड में अलर्ट

**देहरादून (ए)।** भारी बारिश की वजह से उत्तराखंड में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, ?जिससे लोग दहशत में आ गए। ऋषिकेश में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने से प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। पिथौरागढ़ से लेकर हरिद्वार तक अलर्ट जारी होने के साथ ही तटीय क्षेत्र से लोगों को हटाया जाने लगा है। चमोली और श्रीनगर में भी अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर बढ़ गया। रुद्रप्रयाग में भी ये दोनों नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पिथौरागढ़ जिले में काली नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच जाने के बाद अधिकारियों को उसके किनारे बसे गांवों के निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी आनंद स्वरूप ने कहा कि नदी 889.60 मीटर पर बह रही है, जबकि उसका खतरे का निशान 890 मीटर पर है।

### मोबाइल खेलते-खेलते कार में लॉक हो गया 8 साल का बच्चा, मौत

**मथुरा (ए)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में एक गांव में मोबाइल पर गेम खेलते-खेलते आठ साल का एक बच्चा कार में जाकर बैठ गया। कार लॉक हो जाने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका, जिस वजह से दम घुट जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना रिफाइनरी के गांव बरारी का निवासी रिंकू अग्रवाल का बेटा कृष्णा उसका मोबाइल लेकर खेलने चला गया। उन्होंने बताया कि बहुत देर हो जाने के बावजूद जब वह नहीं लौटा तो उसकी खोज होने लगी। सभी सदस्यों ने उसे आसपास के घरों में भी ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला। अधिकारी के अनुसार बताया कि करीब दो घंटे ढूंढने के बाद किसी ने बाहर खड़ी कार में उसे लेटा पाया। खोलकर देखा गया तो वह बेहोश मिला। बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मिल्खा सिंह के निधन पर राहुल और प्रिंयका ने जताया दुख

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महान धावक मिल्खा सिंह के निधन पर दुख प्रकट कर कहा कि भारत अपने फ्लाइंग सिख को याद करता है। मिल्खा सिंह का लगभग एक महीने तक कोरोना संक्रमण से जूझने के बाद चंडीगढ के पीजीआईएमईआर में निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, मिल्खा सिंह जी न सिर्फ खेल के सितारे थे बल्कि अपने समर्पण और संयम की वजह से करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। उन्होंने कहा, उनके परिवार और मित्रों के प्रति मेरी संवेदना है।वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मिल्खा सिंह के निधन पर दुख जताते हुए ट्वीट किया।

## सरकार का हुकम है, मृत्यु प्रमाण पत्र पर मृत्यु का कारण दर्ज न हो




**भोपाल(ए)।** कोरोना से निपटने और मरीजों की जान बचाने में प्रदेश की शिवराज सरकार भले ही फिसड्डी साबित हुई हो, मगर कोरोना से हुई मौतों की संख्या को कम करके बताने में यह सरकार युद्ध स्तर पर लगी हुई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि राज्य सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय मध्यप्रदेश के आयुक्त अभिषेक सिंह की ओर से सभी जिला पंजीयक मृत्यु एवं जन्म प्रमाण और संभाग एवं जिला कार्यालय योजना एवं सांख्यिकी को 1 जून को अपने पत्र क्रमांक 2732/2021 में आदेश जारी कर कहा है कि मृतक का प्रमाण पत्र जारी करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि प्रमाण पत्र पर मृत्यु का कारण दर्ज नहीं होना चाहिए। माकपा नेता ने कहा है कि राज्य सरकार ने यह आदेश सिर्फ मौत के भयावह आंकड़ों को छुपा कर अपनी असफलताओं और भ्रष्टाचार पर ही पर्दा डालने की कोशिश नहीं कर रही है, बल्कि यह कोरोना पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिडक़ने की सरकार की बेरहम हरकत है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि एक ओर सरकार जनता की संवेदनायें बटोरने के लिए कोरोना से मृतक परिवारों को एक एक लाख रुपए देने, कोरोना से अनाथ हुए बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी लेने की घोषणाएं कर रही है, मगर इस सरकार का जनविरोधी चेहरा इस आदेश से बेनकाब हो रहा है।

माकपा नेता ने कहा है कि जाहिर सी बात है कि जब मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना का उल्लेख ही नहीं होगा,तो फिर कोरोना पीड़ित परिवारों को सरकारी घोषणाओं का लाभ कैसे मिल पाएगा? शिवराज सरकार जनता के जख्मों पर नमक छिडक़ कर सिर्फ कोरी घोषणाओं से ही अपने विफलताओं को ढकने का असफल प्रयास कर रही है। जसविंदर सिंह ने उक्त आदेश वापिस लेने और हर मृत्यु प्रमाण पत्र पर मृत्यु का कारण आवश्यक रूप से दर्ज करने की मांग की है।

## अमरनाथ यात्रा पर निर्णय जल्द, लोगों की जान बचाना पहली प्राथमिकता : सिन्हा

**नई दिल्ली (ए)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा सरकार जल्द ही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा आयोजित करने पर फैसला करेगी। उन्होंने कहा इस समय लोगों की जान बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिमालय के ऊंचाई वाले हिस्से में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित भगवान शिव के गुफा मंदिर के लिए 56-दिवसीय यात्रा 28 जून को पहलगाम और बालटाल मार्गों से शुरू होनी है और यह यात्रा 22 अगस्त को समाप्त होगी। क्या इस साल अमरनाथ तीर्थयात्रा होगी, सिन्हा ने कहा मैं पहले ही कह चुका हूं कि लोगों की जान बचाना ज्यादा जरूरी है। कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए हम जल्द फैसला करेंगे, शायद कल तक। वर्ष 2020 में महामारी के कारण तीर्थयात्रा रद्द कर दी गई थी। इससे पहले, सिन्हा ने विकास की पहलों के अलावा, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लिया।

## गृहमंत्री शाह ने जम्मू कश्मीर में केंद्र की योजनाओं की 90% पहुँच की सराहना की



**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ विकास के क्रम में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के विकास कार्यक्रमों की आज नई दिल्ली में गहन समीक्षा की। श्री शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का सर्वांगीण विकास और जनता का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार की योजनाओं की 90त्न पहुँच की सराहना की। साथ ही अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में कोरोना टीकाकरण 76त्न व चार जिलों में 100त्न होने पर उप-राज्यपाल और उनकी टीम को बधाई दी। अमित शाह ने प्रधानमंत्री विकास पैकेज फ्लेगशिप और प्रतिष्ठित परियोजनाओं ( flag-ship and iconic projects) तथा औद्योगिक विकास की परियोजनाओं को शीघ्रतापूर्वक पूरा करने पर बल दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने PoJK, पश्चिमी पाकिस्तान और कश्मीर से जम्मू आए सभी शरणार्थियों को जल्दी से जल्दी शरणार्थी पैकेज का लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अमित शाह ने प्रधानमंत्री विकास पैकेज, औद्योगिक विकास की परियोजनाओं सहित अन्य कई विकास योजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने को कहा।

## खुद को बचाने के लिए विपक्ष के नेताओं पर खूब पैसा लूटा रहा मेहुल चौकसी

**नई दिल्ली (ए)।** डोमिनिका में भारत से भगौड़े कारोबारी मेहुल चौकसी के खिलाफ चल रहे मामले में राजनीतिक दखल की खबर सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है, विपक्ष के नेता लेनक्स लिंटन ने डोमिनिका सरकार को पत्र लिखकर चौकसी को एंटीगा को सौंपने की मांग की है। साथ यह कहा जा रहा है कि चौकसी ने कथित रूप से विपक्ष के नेताओं को अपने पाले में लाने के लिए काफी मोटी रकम खर्च की है। कुछ ही दिनों पहले खबर आई थी कि मेहुल का भाई चेतन चीनूभाई चौकसी ने विपक्ष के नेता से लंबी मुलाकात की थी।चौकसी के भाई ने विपक्षी नेता से चुनाव में मदद का वादा किया है। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार को पत्र लिखने के लिए लिंटन को चौकसी ने तैयार किया है। डोमिनिका में दो विपक्ष के सांसद हैं और 19 सरकार से हैं। लिंटन ने मांग की है कि चौकसी को एंटीगा को सौंपा जाना चाहिए। पत्र के अनुसार, एंटीगा और डोमिनिका की न्याय व्यवस्था ईस्टर्न कैरेबियन सुप्रीम कोर्ट (ईसीएससी ) के अधिकार क्षेत्र में है। ईसीएससी के अधिकार क्षेत्र के एक हिस्से में भारत में उसके कथित गलत कामों के होते हुए भी चौकसी को भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने की सोच रखने वाले लोगों को फायदा देने के लिए उसके संवैधानिक अधिकारों और कानूनी सुरक्षा से हिंसक तरीकों से दूर करना मानवता के खिलाफ अपराध है। डोमिनिका के अंतरराष्ट्रीय मामलों में इस गैर-जरूरी कांड को रोकने का समय आ गया है।



## राहुल गॉधी के जन्म दिन पर कांग्रेस विधायक मसूद ने अस्पतालों में स्ट्रेचर दान कर वृक्षारोपण किया



**भोपाल।** राहुल गॉधी के जन्म दिवस को सेवा भाव से मनाते हुए अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतागढी जी के आह्वान पर भोपाल में कॉग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालो मे स्ट्रेचर दान किये। कॉग्रेस विधायक ने सुल्तानिया जनाना, इंदिरा गॉधी, शाकिर अली, रसूल अहमद सिद्दीकी पलमोनरी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए स्ट्रेचर दान किये। इस अवसर पर अस्पतालो के अधीक्षक डाक्टर अशोक तिवारी, डाक्टर गुप्ता जी डाक्टर सुधीर उपस्थिति रहे। विधायक आरिफ मसूद ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्ट्रेचर देने के साथ ही इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एवं शाकिर अली हॉस्पिटल में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक मसूद ने कहा कि राहुल गॉधी का जन्मदिन सेवा भाव से मनाने का जो कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने आह्वान किया है, उसके तहत अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए स्ट्रेचर दान किए गए हैं। उन्होने बताया कि कोरोना काल में मरीजों को अस्पतालों में स्ट्रेचर की कमी के कारण काफी असुविधा हुई थी, मैंने उस को ध्यान में रखते हुए इन अस्पतालों में स्ट्रेचर भेंट किए हैं। विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि राहुल जी के जन्मदिवस पर पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हुए पेड़ लगाना भी अति आवश्यक है, इसी उद्देश्य को लेकर अपतालो मे वृक्षारोपण भी किया गया है। इस अवसर पर बडी संख्या मे पार्टी नेता ओर कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिल्ली सरकार ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले 6 शहीदों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने का किया एलान



**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली सरकार ने उन 6 शहीदों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अभूतपूर्व कार्य करते हुए देश के लिए शहादत दी । शनिवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार, सेना,पुलिस, पैरा मिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस के जवानों के बहादुरी की कद्र करती है। वर्दी पहनने वाले हरेक उस जवान की कद्र करती है जो अपनी जान पर खेल कर भी देश और समाज की रक्षा करते है। दिल्ली सरकार इनके जज़्बे को सलाम करती है। उपमुख्यमंत्री ने साझा किया कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने शुरू किया है। इससे शहीद के परिवार के नुकसान की पूर्ति तो नहीं की जा सकती लेकिन परिवार को एक सम्मानजनक जीवन जीने का जरिया ज़रूर मिलेगा। अधिकारियों के साथ बैठक में लिए निर्णय को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 6 बहादुर सिपाहियों की शहादत को नमन करते हुए उनके परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार की ये योजना देश की सेवा कर रहे उन सभी वर्दीधारी सैनिकों को ये आत्मविश्वास देती है कि उनके बाद भी सरकार और समाज उनके परिवार के साथ है।

इन 6 शहीद जवानों में भारतीय वायुसेना के 3 जवान, दिल्ली पुलिस के 2 जवान और दिल्ली सिविल डिफेंस के 1 जवान शामिल है। शहीदों को सम्मान देने की इस योजना के तहत दिल्ली सरकार दिल्ली निवासी या दिल्ली में ड्यूटी पर तैनात उन सभी वर्दीधारियों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देती है जो ड्यूटी के दौरान बहादुरी दिखाते हुए शहीद हुए। दिल्ली के द्वारका निवासी फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुनीत मोहंती जी असम में वायुसेना के एक ऑपरेशन के दौरान एक विमान दुर्घटना में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। सुनीत जी के परिवार ने अपना इकलौता बेटा खोया है ऐसे में उनके माता-पिता को हमारी सरकार 1 करोड़ की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रहने वाले वायुसेना के जवान राजेश कुमार जी असम में एक विमान दुर्घटना में शहीद हुए थे। आज उनकी पत्नी अपने 2 साल के बच्चे के साथ माता-पिता के यहां रहती है। दिल्ली सरकार ने स्वर्गीय राजेश कुमार जी के परिवार बेहतर भविष्य के लिए 1 करोड़ की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है।

## अब राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होगी शिवसेना, राहुल गांधी से देश को काफी उम्मीदें: संजय राउत

**मुंबई, (ए)।** महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले पांच दशकों से अहम भूमिका निभाने वाली शिवसेना अब राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होगी. यह कहना है शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत का. दरअसल पार्टी के 55 वें स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने यह बयान दिया है. शिवसेना के स्थापना दिवस के अवसर पर सांसद संजय राउत ने कहा कि जब शिवसेना की स्थापना हुई तो लोगों ने कहा कि शिवसेना मुंबई-ठाणे से आगे नहीं जाएगी. कुछ लोगों ने कहा कि 5-6 महीनों में ही यह पार्टी खत्म हो जाएगी. लेकिन यह शिवसेना पूरे महाराष्ट्र में फैल गई. राज्य की सीमा पार करते हुए दिल्ली तक पहुंच गई. अब दिल्ली के तख्त में भी मेरा महाराष्ट्र गरजेगा और गूंजेगा. भविष्य में राष्ट्रीय राजनीति में शिवसेना अहम भूमिका निभाएगी. शिवसेना से पहले और बाद में कई राजनीतिक पार्टियां समय के साथ ध्वस्त हो गईं. लेकिन जिस तरह से बालासाहेब ठाकरे ने छोटे से छोटे शिवसैनिकों की पीठ पर हाथ रखा, उस वजह से शिवसेना आज भी आगे बढ़ रही है. हिंदुत्व के लिए आज भी शिवसेना ही सामने आती है. आज भी शिवसेना के सामने मराठी माणूस का ख़याल सबसे पहले आता है. 'हिंदुत्व' और 'मराठी माणूस', ये दोनों विषय आज भी शिवसेना के लिए सबसे अधिक अहमियत रखते हैं. आज देश-दुनिया में हिंदुत्व की बुलंद आवाज़ बन कर मज़बूती से कोई पार्टी खड़ी है तो वो है शिवसेना. मराठी माणूस को अगर अपना आधार किसी पार्टी में नज़र आता है तो वो है शिवसेना। राहुल गांधी पर बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि वे देश के प्रमुख नेता हैं और उनसे देश को बहुत उम्मीदें हैं. साथ ही शिवसेना सांसद राउत ने राहुल गांधी को जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं।

# कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी की भागीदारी अनिवार्य-मुख्यमंत्री श्री चौहान साथ ही नागरिकों से की अपील







श्योपुर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोविड टीका महाअभियान 21 जून 2021 से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में सभी की भागीदारी अनिवार्य है। टीकाकरण अभियान के लक्ष्य का निर्धारण जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं जनप्रतिनिधि तथा आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा करने की पहल जारी है। वे आज वीडियो कार्फसिंगस के माध्यम से प्रदेश के धर्मगुरू, खिलाडी, शिक्षक, सामाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एनआईसी श्योपुर में कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश शुक्ल, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, भाजपा के पार्टी पदाधिकारी श्री बिहारी सिंह सोलंकी, पूर्व प्राचार्य श्री जीएस आशावत, प्रोफेसर श्री ओपी शर्मा, डॉ विपिन बिहारी शर्मा, गांधी आश्रम के संचालक श्री जयसिंह जादौन, सामाजसेवी श्री कुजबिहारी सर्राफ, श्रीमती मिथलेश तोमर, श्रीमती रमा वैष्णव, गुरूद्वारे के ग्रांथी श्री सर्वजीत सिंह, श्री सुखवन्त सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक श्री देवेन्द्र कुमार सक्सेना, काजी श्री असदउल्ला कुरैशी सहित विभिन्न धर्मगुरू, खिला?ी तथा समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थें।मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के अतंर्गत लगाई जाने वाली वैक्सीन से लोगों को सुरक्षा चक्र मिलेगा। साथ ही लोगों की जिंदगी सुरक्षित हो सकेगी। उन्होने कहा कि 21 जून योग दिवस को सभी योग कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाते से कोरोना संक्रमण से निजात दिलाने में सहायक बन सकते है। उन्होंने कहा कि, समाज के सभी प्रबुद्वजन समाजसेवी, धर्म गुरू, वैक्सीनेशन सेंटरों में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हुए टीकाकरण से वंचित लोगों को टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित करे।

# देश सेवा के लिए समर्पित हैं राहुल गांधीः कु. शिवानी राठौर



शिवपुरी। भारतीय राष्टीय कांग्रेस के भूतपूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी का जन्म दिवस कु. शिवानी राठौर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने अपने सभी साथियों के साथ वृद्धजनों की सेवा कर सेवा दिवस के रुप में मनाया। इस अवसर पर वृद्ध जनों के बीच केक काटकर फल वितरित किए गए। शिवानी राठौर ने बताया कि राहुल गांधी जी का 51 वां जन्मदिवस सादगी पूर्ण तरीके से सेवा दिवस के रूप में मनाया गया है। भारतीय राष्टीय कांग्रेस के भूतपूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी ऐसे परिवार से संबंध रखते हैं जिनके पूर्वजों ने देश सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए प्राणों की आहुति तक दी है। राहुल गांधी वर्तमान परिस्थितियों में जरूरतमंदों की मदद करने के लिए हमेशा अग्रसर रहे। लॉकडाउन में उन्होंने अपने निर्देशन में समस्त कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए जनता की सर्वश्रेष्ठ सेवा करने के लिए लोगों को समय-समय पर प्रेरित किया है।इस अवसर पर शिवानी राठौर, रक्षा ओझा, राकेश सोनी, अनम राठौर आदि साथी उपस्थित हुए।



# करैरा नगर पंचायत में नई पाइप लाइन डाले जाने में घोर अनियमितताओं सहित लाखों का भ्रष्टाचार





शिवपुरी। खबर जिले की करैरा तहसील की है जहाँ पिछले 4 दिनों में नगरपंचायत,एवं निजी लोगों का हजारों रुपयों का केबल नल सीवर, सड़क, रास्ते, एवं अन्य चीजो का ठेका इन पेटी पर काम के लिए दिया गया जहां मजदूरों से काम ना करते हुए जेसीवी मसीन से काम कर डाला है। रेयान से बिना एग्रीमेंट के काम लिए यह ठेकेदारों द्वारा ना तो कोई स?क बनाई गई न ही नलों ल ना ही स्वक्षक्की लाइट कैबलों को जो इनकी बजह से फाल्ट होकर खुदाई से जल गई है। इन पर आपराधिक मामला जब तक पंजीबद्ध नहीं होगा ये लोग रेयान कंपनी से इसी तरह काम लेकर समूचे नगर में ऐसे ही काम को गुंदागिर्दी और घटिया तरीकों से अंजाम देते रहेंगे। इनके बिरुद्ध पब्लिक ने बयान दिया हैं की नीचे के वार्डों में 1 फिट पर 3 फिट की जगह पाइप लाइन डलवाने को आया बिना पानी की प्रेसर टेस्टिंग इन पाइप लाइनों की चेक किये बिना बिभिन्न वार्डों में नलों के 5000 कनेक्शन को कर डाला है । साथ ही आबादी क्षेत्र में जहां मजदूरों से काम कराने का नियामहै इन बेहूदे लोगों ने पूरी मनमानियों से जेसीबी से नलों को सीवर जो तो?ा किसने इसलिए रेयान के अलावा यदि कार्यवाही हो तो इन पेटी वालों पर हो जो बिना नॉर्म्स स्पेसिफिकेशन गुणवत्ता के ऊलजलूल काम करके अब तक 20 करो? तक के काम से योजना की राशि को घटिया कामों से बर्वाद कर चुके हैं बरना योजना भी पूरी नहीं होगी ना ही आगामी 30 सालों के लिए शिवपुरी की तरह लोगों को इस योजना से जलप्रदाय संभव हो पायेगा। इसलिये घटिया काम आगे से ना हो इन पेटी कॉन्ट्रेक्टरों पर जरूर आपराधिक कार्यवाही सम्पादित होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार मने तो लाखों रुपये के भ्रष्टाचार की बू आ रही हैं जिसकी लोकायुक्त द्वारा जाँच करायी जाए जिसमे सब दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा जहाँ आज तक कोई भी रास्ता ना ही भरा गया ना ही उसके लिए कोई ऊँचीत उपाये निकले गए जिससे बारिश के मौसम के चलते काफी लोगो इसमे गिरते हैं जिससे लोगो को परेशानी का सामना भी करना प?ता है

# रावत समाज सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष बने वीरेन्द्रसिंह

शिवपुरी।

मप्र रावत/मीना समाज सेवा संगठन के संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्री गणपत पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जगद्यदीश सिंह मीना के अनुमोदन एवं स्वीकृति अनुसार प्रदेश संगठन महामंत्री एड.संतोष मीना ने वीरेन्द्र सिंह रावत को शिवपुरी जिले का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के प्रदेश प्रचार मंत्री बीएल मारण ने बताया कि ये नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह मीना, प्रदेश संगठन महामंत्री एड संतोष मीना तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति से की गई हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन करने की अपेक्षा है बधाई देने बालो मैं भरतसिंह,जनक सिंह रावत,रोरी लाल,सरदारसिंह,विनय सिंह,मस्तराम,भूरा,सुल्तान सिंह,दिलावरसिंह,बालू राम,सौरभ सिंह,कुलदीप,गिर्राज,प्यारेलाल,सहित अन्य साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा करें-कलेक्टर राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित



श्योपुर। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में आज आयोजित की गई। इस बैठक सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश शुक्ल, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर श्री विनोद सिंह, कराहल श्री विजेन्द्र सिंह यादव, विजयपुर श्री नीरज शर्मा, एसएलआर श्री नाथूराम सखवार, कलेक्टर कार्यालय के ओएस श्री दीलीप बंसल, तहसीलदार बडौदा श्री भरत नायक, श्योपुर श्री राघवेन्द्र कुशवाह, विजयपुर श्री धर्मेन्द चौहान, कराहल श्री नवल किशोर जाटव, नायब तहसीलदार सुश्री रजनी बघेल, श्री हरीओम पचौरी, कु. रेखा कुशवाह उपस्थित थे। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व अधिकार अपने-अपने क्षेत्र में समय सीमा के प्रकरणों निराकरण समय सीमा में करें। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों में गति लाई जाकर प्रकरण समय पर सीमा में निराकृत किये जावे। सीएम हेल्पलाइन के लेबल 01 से 04 तक के आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह में किया जावे। जिससे निराकृत प्रकरणों से संबंधित अपने आवेदन से लाभ उठा सकें। इसी प्रकार 300 दिवस से अधिक के प्रकरणों को 03 दिवस में निराकृत किया जावे। इसी प्रकार भ्रमण डायरी बुधवार तक भेजा जाना सुनिश्चित किया जावे। साथ ही 06 माह से अधिक के राजस्व प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत किया जावे। साथ ही तहसील श्योपुर के न्यायालय में 02 से 05 वर्ष तक के 23 प्रकरण तथा 01 से 02 वर्ष 72 प्रकरण लंबित है। जिन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरणों का निराकरण जुलाई माह तक किया जावे।कलेक्टर ने कहा कि श्योपुर जिला राज्य में पहले 10 नम्बर में आना चाहिए। इसका सभी राजस्व अधिकारी ध्यान रखे। साथ ही अप्रैल से वर्तमान तक राजस्व वसूली शून्य है। शहरी क्षेत्र में डायवर्सन की वूसली एसडीओ श्योपुर एवं तहसीलदार श्योपुर करें। उन्होने कहा कि मा. उच्च न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों में अनुविभाग विजयपुर, कराहल द्वारा 9-9 प्रकरण है। इन प्रकरणों में जबाव, दावा एक सप्ताह में प्रस्तुत किया जावे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त 24 शिकायत लंबित है तथा सीएम एवं सीएस मॉनीट की 04 शिकायते लंबित है। आयुक्त प्रकोष्ठ एवं अन्य प्रकार की शिकायत 58 लंबित है। जिसमें से सबसे अधिक विजयपुर में 25 एवं श्योपुर में 17 है। इन पर विशेष ध्यान देकर राजस्व अधिकारी 15 दिवस में निराकृत करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार मूंग खरीदी हेतु 311 किसानों का 1049 हेक्टयर पर पजीयन हुआ है। तहसीलदार श्योपुर, बडौदा, कराहल 20 जून तक पंजीयन का सत्यापन पूर्ण करें। जिससे 21 जून से इनकी खरीदी हो सकें।



# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद ज्योतिरतीत्य सिंधिया ने लिखा रेल मंत्री पीयूष गोयल को निवेदन पत्र

शिवपुरी।

जैसा की आपको विदित है कि ग्वालियर श्योपुर रेलखंड जो कि पूर्व मे नैरोगेज रेलखंड था उसे मेरे प्रयासों द्वारा ब्राडगोज के रूप में परिवर्तित करने की स्वीकृति 2012-13 मैं रेल मंत्रालय द्वारा दी गई थी इसकी टेंडर प्रतिक्रिया भी पूरी हो चुकी है उक्त प्रोजेक्ट की लागत लगभग 3000 करोड़ रुपए है लेकिन पिछले रेल बजट में मात्र ?250000000 जारी होने के कारण कार्य संपन्न नहीं हो पा रहा है कोरोनावायरस रेलखंड पर ग्रोथ परिवर्तन का कार्य होने के कारण मार्च 2020 से यात्री ट्रेन का संचालन भी बंद है यह रेलखंड ग्वालियर मुरैना और सोपुर जिले के लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा के समान है अतः ट्रेन संचालन बंद होने से यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है 2021-22 में रेलवे को ग्वालियर,श्योपुर ब्राडगोज दिल प्रोजेक्ट के तहत रायरू से सबलगढ़ तक मैट्रिक का ट्रैक तैयार करना था इसके साथ ही 10 बड़े पुल एवं 112 छोटे पुलों का निर्माण भी प्रस्तावित है औरों के रेल खंड पर 24 स्टेशन का निर्माण भी होना है बजट की कमी के कारण उक्त कार्यो का द्वत गति से संपन्न होना संभव नहीं हो पा रहा है अतः आपसे निवेदन है कि ग्रोज परिवर्तन के लिए जरूरी बजट की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट कीजिए ताकि उक्त रेल खंड पर तेजी से कार्य पूरा हो सके और यात्री ट्रेनों का संचालन पुनः प्रारंभ हो सके जिसका लाभ लाखों यात्रियों को मिल पाए आशा है कि आप पर्याप्त बजट की स्वीकृति प्रदान करने की अनुग्रहित करेंगे।



# पूर्व पार्षद आकाश शर्मा के पिता को लगाया 23 लाख का चूना



शिवपुरी। जमीन के नाम पर आए दिन धोखाधडी के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में जमीन को नगदी में न बेचकर अब लोग चैक लेने लगे हैं लेकिन कुछ लोग जमीन का सौदा कर रजिस्ट्री कराने के बाद जो चैक देते हैं और उसे विक्रेता जब बैंक में जमा करता है उसमें राशि नहीं होती है ऐसे में विक्रेता को चूना लग जाता है और उसके बाद वह कोतवाली और थानों के चक्कर काटने का मजबूर हो जाता है।ऐसा ही मामला शिवपुरी की महल कालोनी में सामने आया है जहां पूर्व पार्षद आकाश शर्मा के पिता महेन्द्र पुत्र रघुवरशरण शर्मा ने अपनी जमीन का सौदा किया तो क्रेता ने उसे 3 लाख 50 हजार और 20 लाख रूपए का चैक दिया जब पार्षद के पिता ने उक्त चैक बैक में जमा किए तो खाते में राशि न होने के चलते वह बाउंस हो गए। इसके बाद पैसा मांगा तो ठग पति पत्नी मुकर गए जिसके बाद पार्षद के पिता ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार महल कालोनी में रहने वाले पार्षद आकाश शर्मा के पिता महेन्द्र शर्मा ने अपनी जमीन का सौंदा विनोद यादव व निर्मला यादव के साथ किया था और विनोद व उसकी पत्नी ने 23 लाख 50 हजार रूपए के चैक पार्षद के पिता को दिए थे लेकिन जब पार्षद के पिता ने इन चैकों को बैंक में लगाया तो वह बाउसं हो गए जिसके बाद उन्होंने पैसा मांगा लेकिन दोनों ठग पति पत्नी ने पैसा ही नहीं दिया जिसके बाद पार्षद के पिता ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने धोखाधडी का केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांकड़े मंदिर पर सुंदरकांड, प्रसाद वितरण कर मनाया मंत्री यशोधरा राजे का जन्मदिन




शिवपुरी। अम्मा महाराज की लाडली एवं जन-जन की प्रिय व शहर के विकास के लिए हमेशा अग्रणी रहने वाली स्थानीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शाशन की कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे का जन्मदिन कार्यकर्ताओं पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं सुबह बांकड़े मंदिर गए और सुंदरकांड के पाठ के साथ प्रसाद वितरण किया व मंत्री राजे की लंबी उम्र की कामना की। विधायक प्रतिनिधि योगेश शर्मा ने बताया वह कार्यकर्ताओं केके गुप्ता, राजेश गोस्वमी, दिनेश गर्ग, रिंकेश ठेईया, विद्यासागर राठौर, दिलीप अग्रवाल, राजकुमार राठौर, सुनील सोनी, विवेक शिवहरे, उत्तम धाकड़, सोहनसिंह सरदार, गोपाल गुर्जर, जगदीश गोस्वामी, सुखदेव गोस्वामी,ताराचंद राठौर के साथ बांकड़े मंदिर गए और मंत्री राजे की लंबी उम्र की कामना के लिए सुंदरकांड का पाठ कराया व प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद गौशाला जाकर गायों को घास खिलाकर सेवा की।

# गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने 4 करोड़ 8 लाख की लागत की जखौरियाः सिरौल सड़क का किया भूमिपूजन

### ग्राम जखौरिया में शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित होकर मुक्तिधाम का निर्माण होगा




दतिया। मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने ग्राम पंचायत जखौरिया में 4 करोड़ 8 लाख रूपये के स?क निर्माण कार्य कार्य का पूजन करते हुए कहा कि ग्राम जखौरिया में शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कर एक माह के अंदर मुक्तिधाम बना दिया जायेगा। गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मुख्य मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीब एवं पात्र लोगों को निःशुल्क प्रदान किये खाद्यान वितरण की जानकारी प्राप्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं की धरातल पर क्रियान्वयन जमीनी हकीकत की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्राम जखौरिया में विकास के कार्यो की आज सौगात देकर अपना फर्ज निभाया है। गांव के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जावेगी।गृह मंत्री को ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रामप्रकाश कुशवाहा की असमयिक मृत्यु होने पर परिजनों को शासन से सहायता उपलब्ध कराई जावे। गृह मंत्री ने कह कि प्रकरण का परीक्षण कर मृतक री रामप्रकाश कुश्वाहा के परिजनों को हर संभव सहायता शासन से उपलब्ध कराई जावेगी। गृह मंत्री ने ग्रामीणों के आवेदन पर प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के प्रकरणों का परीक्षण कर कृषकों को लाभ दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि स?क निर्माण कार्य पूर्ण होने से जखौरिया सहित आस-पास के गांवों को मुख्य हाईवे पर पहुचने में समय एवं दूरी काफी कम होगी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुद्यौलिया सर्वश्री कालीचरण कुशवाहा, बाबूलाल कुशवाहा, विपिन गोस्वामी, योगेश सक्सैना, गिन्नी राजा परमार, जीतू कमरिया, अतुल भूरे चैधरी, धीरू दांगी, मुकेश यादव, अजय दुबे, प्रवीण पाठक, भगवान सिंह कुशवाहा, सरपंच ख्याली कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# अल्प प्रवास पर पधारे ऊर्जा मंत्री ने आधी रात को आईडीआई फीडर का किया औचक निरीक्षण





### 132 केव्ही स्टेशन पर पहुंचे मंत्री, अधिकारियों को सूचना लगते ही दौड़े दफ्तर

भिण्ड। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमनसिंह तोमर अचानक अल्प प्रवास पर भिण्ड पधारे थे और रात लगभग 11 बजे आईटीआई फीडर पर निरीक्षण करने पहुंच गये, यहां पर कर्मचारी नहीं मिले, जैसे पुलिस प्रशासन व बिजली महकमा को सूचना लगी तो तुरंत दौड़ते हुए दफ्तार भागकर पहुचें। ऊर्जा मंत्री ग्वालियर में ट्रांसफार्मर के पास उगी बेल डीपी से हटाते नज़र आए थे, वही रात क़रीब 10 बजे वे ग्वालियर से अचानक अल्प प्रवास पर भिंड पहुँचे, बिजली व्यवस्थाओं को लेकर शहर की गलियों में घूम कर लोगों से बातचीत की साथ ही साथ ही आईटीआई फ़ीडर का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों से भी बातचीत कर ग्वालियर के लिए रवाना हुए, हालाँकि रास्ते में वे मेहगांव और गोहद भी रुके जहां सव स्टेशन पर रुक कर उन्होंने निरीक्षण किया।

दरअसल ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर अचानक रात 10 बजे भिंड शहर में दाखिल हुएए वे बिना किसी पूर्व सूचना या अपने फोलो वाहन के बिना पहुंचे थे, हालांकि उनके पहुंचते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी जानकारी लगी तो एसडीएम समेत पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी भी मौक़े पर पहुँचे, मंत्री ने आधी रात क़रीब 11 बजे शहर की गलियों का भ्रमण कर बिजली व्यवस्था का जायज़ा लिया, ऊर्जा मंत्री ने अगला पड़ाव सीधा आईटीआई फीडर की ओर डाला जहां उन्होंने 132 केवी सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली विभाग के डीई भी मौक़े पर मौजूद रहे मंत्री ने मौके पर मौजूद रहे सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

### सुभाष नगर इलाके में स्थानीय लोगों से की चर्चा

आईटीआई फीडर निरीक्षण के बाद मंत्री शहर के सुभाष नगर इलाक़े में पहुंचे तो स्थानीय लोगों से भी बिजली की स्थिति पर चर्चा की और भिंड से प्रस्थान कर गए, ग्वालियर की ओर जाते समय मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर रात 12 बजे मेहगांव भी रुके यहां उन्होंने आधी रात मेहगांव के 220 केवी सब स्टेशन और 132 केवी सब स्टेशन का भी निरीक्षण किया। लगातार ट्रिपिंग की समस्या को देखते हुए मंत्री तोमर रात में भ्रमण ओर निकले थे उन्होंने इस दौरान मौक़े पर मिले कर्मचारियों का हालचाल जाना साथ ही उनके वेतनमान को लेकर भी चर्चा की।

### मीडिया से भी हुए रूबरू

शुक्रवार पधारे मंत्री तोमर ने निरीक्षण के दौरान इस दौरान मीडिया से चर्चा कर कहा कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल ट्रिपिंग काम हुई है, आंकलित खपत की बिलिंग में कमी आयी है, लेकिन इन दायित्वों को सबको मिलकर निभाना होगा,बिजली की समस्या को दूर करने के लिए विभाग की जिम्मेदारी मुझे सौंपी है और मैं ईमानदारी से अपना काम करने की कोशिश कर रहा हूँ, जहां समस्या की जानकारी मिलती है वहां-पहुंच कर खुद समस्या देखता हूँ और उसके निदान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश देता हूँ। पहले की अपेक्षा ट्रिपिंग में वाक़ई कमी आती है खुद भिंड की जनता से बात करने पर यह मुझे बताया है, हालांकि जिन पुरानी लाइन की बात है उनके मेंटेनेंस को भी युद्ध स्तर पर कराया जाएगा। मंत्री भिंड और मेहगाँव के बाद गोहद के लिए

## कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी निभाएं सहभागिताः कलेक्टर

**कोविड-19वैक्सीनेशन महा-अभियान सफल बनाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी**

**21 जून टीकाकरण महाअभियान के लिए जिले में बनाये गये है 181 टीकाकरण केंद्र**

भिण्ड। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में 21 जून योग दिवस के दिन से कोविड-19 वैक्सीनेशन का महाअभियान मनाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ सतीश कुमार एस ने कोविड-19 वैक्सीनेशन समस्त तैयारियां पूर्ण करने के संबंध में कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामों में मजरों, टोलो एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डो के 18 वर्ष के उपर सभी नागरिकों से कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने की अपील की है। इस हेतु 21 जून टीकाकरण महाअभियान के लिए जिले में बनाये गये है 181 टीकाकरण केंद्र। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक के साथ-साथ सभी प्रबुद्ध नागरिक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हुए लोगों को सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने टीकाकरण सत्र के पूर्व सघन प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मुनादी कर, घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत टीकाकरण करने हेतु अपील की है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल भिंड को स्वास्थ्य सेवा उपकरण उपलब्ध कराया

### तोमर ने भिंड जिला चिकित्सालय के लिए चिकित्सा उपकरण से हरी झंडी दिखाकर भिंड के लिए रवाना की गाड़ी

### भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने केंद्रीय मंत्री तोमर के प्रति आभार व्यक्त




भिण्ड। भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गवालियर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भिंड जिला अस्पताल को कोविड.19 से बचाव कार्य के लिए नए स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराएंगे इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कोविड-19 के बचाव कार्य के लिए लोगों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जिसके लिए जन सेवा भाव से कदम उठाए जा रहे हैं कोई भी पीडित मरीज को कठिनाइयां न हो इसके लिए केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा गवालियर के अटल बिहारी बाजपेई इंटरनेशल सेंटर जीवाजी विश्वविद्यालय पास आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भिंड जिला अस्पताल को नए स्वास्थ्य उपकरण की सौगात सोपी।

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के प्रयास से भिंड मेहगांव गोहद लहार के अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए संसाधनों की स्वागत सौंपी है जिसमें 10 लीटर ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर 10, 5 लीटर ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर 10,35 डी टाइप सिलेंडर, 3500 नेसल कैनुला ,3500 नॉन-रिब्रीथर मास्क शामिल हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा की भिंड का जिला अस्पताल प्रदेश के प्रथम स्थान पर जा पहुंचा है जहां मरीजों के लिए अनेकों चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जिसके लिए आपने जो सौगात दी है भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपका तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

## युवक बोला-हमें कोरोना नहीं हो सकता, महिला ने कहा- टीका लगने से कई की मौत हुई

### महाअभियान में पहले दिन 15 हजार लोगों को 81 केंद्रों पर टीका लगाने का रखा लक्ष्य



भिण्ड। शहर के लश्कर रोड निवासी युवा का कहना है कि हमें कोरोना हो ही नहीं सकता। वहीं मौ के लुहारपुरा निवासी महिला ने यहां तक कह दिया कि वैक्सीन लगने के बाद कुछ लोगों की मौत हो गई है। यह बहाने पत्रकार के पूछने पर लोगों ने बनाए हैं, हालांकि शासन की ओर से शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए महाअभियान शुरू किया जा रहा है ताकि तीसरी लहर को रोका जा सके। बता दें कि सबसे पहले हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर का टीकाकरण किया गया। इनको पहला डोज लगवाने का प्रतिशत क्रमाशः 91.6 और 93.2 रहा थ लेकिन 95.6 प्रतिशत हेल्थ केयर वर्कर और 91.8 प्रतिशत फ्रंट लाइन वर्कर ने दूसरा टीका लगवाया। इनके बाद 60 साल से अधिक आयु के लोग टीका लगवाने में आगे रहे हैं। अब तक 75 हजार 71 लोग टीका लगवा चुके हैं। इस वर्ग के 50 प्रतिशत लोग टीका लगवा चुके हैं। 18 से 44 साल आयु वर्ग के लोगों में टीका लगवाने के लिए उत्साह तो है लेकिन अब तक इनके टीकाकरण का प्रतिशत 10ण्36 फीसदी ही रहा है। जिले में इस आयु वर्ग के 6 लाख 50 हजार लोगों को टीका लगना है। इनमें से 67 हजार 358 को ही टीका लग सका है। 45 से 59 साल के 2 लाख 50 हजार लोगों में 71 हजार 739 को टीका लगा है। वैक्सीनेशन के लिए 21 से 30 जून तक महाअभियान चलाया जा रहा है। इसमें हर आयु वर्ग के लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसके पहले रोज 15 हजार टीके लगाए जाने का लक्ष्य है। इसके बाद मंगलवार और रविवार को छोडकर प्रतिदिन 10 हजार 200 टीके लगाए जाएंगे। शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना का अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान 21 जून को टीका लगवाने की नागरिको से की अपील

### -जिले में बनाए गए 181 टीकाकरण केन्द्रों की सूची

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में 21 जून योग दिवस पर कोविड वैक्सीनेशन महा अभियान चलाया जा रहा है। कोविड-19 कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के अन्तर्गत भिण्ड जिले के भिण्ड, अटेर, फूप, मेहगांव, गोहद, रौन एवं लहार के क्षेत्रानतर्गत 21 जून को 181 केन्द्रों पर वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के लिए 21 जून को जिले के अटेर क्षेत्रान्तर्गत थाना अटेर क्षेत्र के ग्राम अटेर, खेराहट, कनेरा, शुक्लपुरा, उदोतगढ, कछपुरा, चौम्हो, अंगतपुरा, प्रतापपुरा, जमसारा, मघेरा, विण्डवा, जम्होरा, थाना सुरपुरा क्षेत्र के ग्राम सुरपुरा, कोषण, बिजौरा, गढा, रानीपुरा, किशूपुरा, सकराया, दुल्हागन, मधैयापुरा, क्यारीपुरा, परियाया, रमा, परा, देहरा, थाना पावई क्षेत्र के ग्राम पिथनपुरा, मसूरी, विरगंवा पावई, स्यावली, ईगुरी, नरसिंगढ, थाना बरोही क्षेत्र के ग्राम महापुर, जौरी ब्राम्हण, ऐंतहार, लावन, पिडोरा, नायब, थाना देहात क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा, मुडियाखेडा, सिमराव, धरई, जौरी, जवासा के ग्रामों में कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा।

कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान 21 जून को फूप क्षेत्रान्तर्गत थाना उमरी के ग्राम ढोचरा, गुसींग, मोतीपुरा, स्योडा, नुन्हाटा, पाण्डरी, अकोडा, थाना फूप के ग्राम वार्ड क्र.1 (फूप), वार्ड क्र.02 (फूप), समन्ना, कंचनपुरी, नईगढी, भदाखुर, भोनपुरा, विण्डवा भिण्ड, थाना नयागांव के ग्राम नयागांव, सनावई, मधूपुरा, ईस्वरी, ओझा, सरसई, जखमोली, थाना देहात थाना भिण्ड के ग्राम कुम्हरौआ, बबेडी, कचौंगरा, विल्होरा, डिडी, बाराकला, दबोहा, अतरसूमा, भिण्ड अर्बन के थाना सिटी कोतवाली के व्यापार मण्डल धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला, अर्बन पीएचसी विक्रमपुरा, आरटीओ कार्यालय भिण्ड, पुलिस लाईन भिण्ड, अम्बेडकर नगर श्री वीरेन्द्र मिहोलिया का मकान, अटेर रोड डांग बंगला भिण्ड में कोविड 19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। इसीप्रकार कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान 21 जून को मेहगांव क्षेत्रान्तर्गत थाना बरासो के ग्राम 221 गोअरा नं.1, 217 गढपारा नं.1, 215 बरसो नं.1, 212 सायना नं.1, 235 सुरूरू, 205 सिमार, थाना बरोही के ग्राम 177 गोना हरदासपुरा नं.1, थाना मौ के ग्राम 200 पडकोली, 197 कतरौल नं.1, थाना मेहगांव के ग्राम 183 विगंवा नं.1, 187 कोहार नं.1, 204 गाता, 143 बरहद नं.2, 148 पर्रावन नं.1, 121 गढी नं.1, 129 देवरी नं.1, 133 खेरिया नं.2, थाना भाराली के ग्राम 225 भारौली खुर्द नं.1, 238 गोरम, थाना अमायन के ग्राम 272 सेमरा, 251 कनाथर नं.1, 255 सिरसी, 256 परधेना नं.1, 276खेरिया सिंध, 242 आंतो, थाना गोरमी के ग्राम 45 कृपेकापुरा, 48 कल्याणपुरा, 37 सिकरोदा नं.1, 40 हरीक्षा, 29परोसा नं.1 के ग्रामो में कोविड 19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा।

कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान 21 जून को गोहद क्षेत्रान्तर्गत थाना एण्डोरी के ग्राम ऐनो, भोनपुरा, बरौना, बारोहट, कचनपुर, चंदोखर, थाना मालनपुर के मालनपुर, सिंगवारी, गुरीखा, टुडीला, थाना गोहद के शा.कन्या शाला गोहद, भगवासा, ऐचाया, पाली, चितोरा, खितोली, थाना गोहद चौराहा के ग्राम छीमका, बिरखडी, पिपहाडी, सर्वा, थाना मौ के मौ, गुहीसर, बडेरा मौ, चम्हेडी, करवासा, बरोली, अंधियारी कलां, रौन क्षेत्रान्तर्गत थाना रौन, ग्राम मेहदा, रौन, बहादुरपुरा, गौरई, ररूआ नं.1, मानगढ, थाना मिहोना के ग्राम चांदौख, मिहोना, जैतपुरा गुढा, बंथरी, भकोटी, अचलपुरा के ग्रामो में कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा।21 जून को लहार क्षेत्रान्तर्गत थाना लहार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुन्दपुरा, रोहानी जागीर, मटियावली, बुजुर्ग, मडोरी, मेहरी, थाना असवार के ग्राम असवार, बरहा, जैतपुरा असवार, करियावली, चौरई, ईगुई, थाना रावतपुरा के ग्राम अखदेवा, बिजौरा, बरौआ, महुआ, मसेरन, चिरावली, थाना दबोह के ग्राम दबोह पीएचसी, देवरीकला, छिपावली नं.2, अमाहा, जाखोली, बरथरा, थाना आलमपुर के ग्राम आलमपुर, अरूसी, कुरथर, रूरई, गांगेपुरा, खूजा के ग्रामो में कोविड 19 वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा।

## दीवाल तोड़कर दाखिल हुए चोर, गहने-नगदी चोरी

### चोरों ने वार्ड क्र.14 बीएसएनएल टॉवर के पास चोरी की वारदात को दिया अंजाम



भिण्ड। मौ थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.14 में स्थित बीएसएनएल टॉवर के पास अज्ञात चोरों ने एक मकान की दीवाल तोड़कर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी चोरी कर रफू चक्कर हो गये। जब पड़ोसियो ने सुबह घटना देखी तो इसकी सूचना मकान मालिक व पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और फिंगर प्रिंट के निशानदेही के आधार पर चोरों की पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार से शुक्रवार सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने मुकीम खां पुत्र मुन्ना खां निवासी वार्ड क्र.14 में स्थित बीएसएनएल टॉवर के पास जो मकान में ताला डालकर कहीं चला गया था, इसी दौरान मकान की दीवाल तोड़कर चोर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में एक सोने का हार, झुमकी एक जोड़ी, एक मनचली, एक अंगूठी, एक जोड़ी पायल, कुछ सिक्के व नगदी 9 हजार 500 रुपये, कुल 89 हजार 500 रुपये की चोरी कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और माल समेटकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## पर्यावरण के लिए पौधों का संरक्षण सबसे ज्यादा जरूरीः थापा

भिण्ड। पर्यावरण संरक्षण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चलाए जा रहे अभियान के तहत परिषद के सदस्यों ने शुक्रवार को डीएसपी पूनम थापा को एक पौधा भेंट किया। इस दौरान डीएसपी थापा ने कहा कि पौधे पेड बनकर हमें प्राणवायु देने में निरंतर सहायक होते है। पेड़ों के माध्यम से इमारती लकड़ी,औषधि और फल प्राप्त होकर मानव जीवन के काम आते है। इसलिए ग्रामवासी अपने घर आंगन के अलावाए खेत खलियान और पार्कों में अधिक से अधिक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाए। साथ ही बाग बगीचा लगाए जाकर औषधि युक्त तथा फलदार पौधों के माध्यम से ग्रामवासी अपनी आय को बढ़ाने में सहायक बन सकते है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, एक घायल, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



### खंती में मिली युवक की लाश, दूसरे घायल को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा में नजदीक नहर के पास रोड किनारे खंती में दो युवक संदिग्ध हालत में पड़े हुए थे, जिसकी सूचना तुरंत स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, तो मौके पर पहुंचकर देखा कि एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है वहीं दूसरे की सांसे चल रही है। 100 डायल की मदद से दोनो को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां घायल का डॉक्टरों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है वहीं दूसरे मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। वहीं परिजनों ने हत्या की आंशका जाहिर करते हुए पुलिस को लिखित आवदेन देकर मामले में जांच की मांग की।

देहात थाना प्रभारी ध्यानेंद्र यादव ने बताया उन्हें गुरुवार-शुक्रवार रात सूचना मिली थी कि चन्दरपुरा के नजदीक नहर के पास रोड किनारे खंती में बाइक के साथ दो लोग पड़े हुए हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा कि राघवेंद्र उर्फकुल्लू पुत्र राजेंद्र सिंह भदौरिया निवासी पुरानी बस्ती, विष्णु बाथम पुत्र श्रीलाल बाथम निवासी पुरानी बस्ती पडे हुए थे। प्रभारी ध्यानेंद्र ने बताया कि कुल्लू की मौके पर ही मौत हो गई थी और विष्णु घायल था बाइक वही पर पडी थी। शायद किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हुई हो। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया वहीं शव का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया है।

### परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

घटना के संबंध में जब परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल्लू की हत्या की गई है। मृतक के चाचा मूरत सिंह उर्फ झब्बू ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच के लिए मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण करा परिजनों को सौंप दिया है और घायल का उपचार जिला चिकित्सालय कराने के लिए भर्ती करा दिया गया है। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है।

## टीके में लापरवाही

मुंबई की हीरानंदानी सोसायटी में 390 लोगों को कथित रूप से नकली टीका लगाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब फर्जी वैक्सीनेशन रैकेट से बॉलीवुड फिल्मों के प्रोड्यूसर्स भी अछूते नहीं रहे। कुछ प्रोडक्शन हाउस के मेंबर्स को हाल ही में टीका लगा था। लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि उन्हें कौन सी वैक्सीन लगाई गई। इसी सिलसिले में बातचीत करते हुए फिल्म निर्माता और



टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मालिक रमेश तौरानी ने बताया कि उन्होंने अपने 365 कर्मचारियों को 30 मई और 3 जून को टीका लगवाया था, लेकिन उन्हें अब तक सर्टिफिकेट नहीं मिला है। इसी तरह का मामला एक अन्य प्रोडक्शन हाउस मैचबॉक्स पिक्चर्स से जुड़ा हुआ है। एसपी इवेंट की ओर से 29 मई को इस प्रोडक्शन हाउस के करीब 150 कर्मचारी और फैमिली मेंबर्स को कोवीशील्ड का पहला डोज दिया था। इन कर्मचारियों को भी यही कहा गया कि वे अपना सर्टिफिकेट कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल से ले सकते हैं। लेकिन दो सप्ताह बाद उन्हें अपना सर्टिफिकेट नानावटी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से मिला, जिसमें डोज लेने की तारीख 12 जून लिखी गई। टीकाकरण में इस तरह की लापरवाही का यह पहला उदाहरण नहीं है। इससे पहले यूपी के सिद्धार्थनगर के एक टीकाकरण केंद्र पर पहली खुराक में कोविशील्ड लगवा चुके बीस लोगों को दूसरी खुराक के रूप में कोवैक्सीन लगा देने का मामला सामने आया था। गनीमत है कि इनमें से सभी लोग अब तक स्वस्थ हैं, उन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि टीकाकरण केंद्र पर तैनात कर्मचारियों से यह लापरवाही हुई कैसे। पिछले महीने शामली में भी तीन महिलाओं को कोरोना टीके की जगह कुत्ते के काटने पर लगाया जाने वाला एंटी रैबीज टीका लगा दिया गया। तब उस मामले पर लीपापोती करके रफा-दफा कर दिया गया था। इस वक्त जब कोरोना की श्रृंखला तोड़ने के लिए टीकाकरण अभियान में तेजी लाने पर जोर दिया जा रहा है और अपेक्षा की जा रही है कि इसमें चिकित्साकर्मी सक्रिय योगदान देंगे, तब इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही स्वाभाविक रूप से ध्यान खींचती है। मुंबई की हीरानंदानी सोसायटी का मामला हो या रैबीज का इंजेक्शन लगाने का। हर जगह प्रशासन की नाकामी सामने आई है। कोरोना का टीका लगवाने के तुरंत बाद लोगों को एक पर्चा दिया जाता है, जिस पर टीके का विवरण दर्ज होता है। दूसरी खुराक लेते वक्त वह पर्चा चिकित्साकर्मियों को दिखाना पड़ता है, ताकि उन्हें अंदाजा लग सके कि पहले उन्होंने कौन-सा टीका लिया था। वहीं टीका लगने के कुछ घंटों में मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सरकार टीका लगने की पुष्टि करती है। अगर 24 घंटे तक मैसेज नहीं आया तो हीरानंदानी सोसायटी के लोगों को शिकायत करनी थी, मगर वे भी शांत रहे। टीकाकरण में लापरवाही बरतने में जितना प्रशासन दोषी है, उतना ही लोग भी। टीकाकरण का काम सरकार ने प्रशासन और लोगों दोनों के भरोसे छोड़ा है। किसी भी एक स्तर पर लापरवाही दिक्कतें बढ़ाएगी। यह समझना मुश्किल नहीं है कि सरकारी अस्पतालों, खासकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जिस तरह स्वास्थ्यकर्मी इलाज वगैरह के मामले में लापरवाही और मानमानी करते देखे जाते हैं।

## अत्यधिक महत्वाकांक्षा व अपरिपक्वता से मद्धिम हुआ 'चिराग़'

**निर्मल रानी**

गत वर्ष बिहार में हुए विधानसभा चुनावों में मुख्य मंत्री पद की बाट जोह रहे लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख चिराग़ पासवान राजनीति के दंगल में चारों ख़ाना चित हो गए हैं। दरअसल उन्हें मुख्य मंत्री नितीश कुमार के %धोबिया पछाड़% का शिकार होना पड़ा है क्योंकि चिराग़ ने चुनावों के दौरान नितीश के विरुद्ध जमकर बयानबाज़ी की थी और उनकी पूरी कोशिश थी कि नितीश राज्य का मुख्य मंत्री न बनने पाएं। यह और बात है कि उनके नेतृत्व में लोक जन शक्ति पार्टी ने कुल खड़े किये गए 137 उम्मीदवारों में केवल एक उमीदवार ने ही जीत हासिल की थी। परन्तु जनता दल यूनाइटेड के नेताओं का मानना है कि चिराग़ के उम्मीदवारों के चलते उन्हें लगभग 30 सीटों पर नुक़सान उठाना पड़ा है। इतना ही नहीं बल्कि इसी चुनाव में एक ओर तो चिराग़ ख़ुद को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बता रहे थे तो दूसरी तरफ़ वे जनता पार्टी के लगभग 25 बाग़ी नेताओं को लोजपा का उम्मीदवार भी बना रहे थे। चुनाव के कुछ ही समय पूर्व जब राम विलास पासवान की मृत्यु हुई थी उस समय भले ही सहानुभूति वश पार्टी नेताओं ने उनके प्रति समर्थन जताते हुए उनके हर फ़ैसलों पर ख़ामोशी जताई हो परन्तु एक न एक दिन लिहाज़ व संकोच का यह पर्दा भी हटना था और नितीश कुमार को भी सही समय पर चिराग़ को उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा कराना था।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार की इन दिनों चल रही ख़बरों के बीच यह चर्चा ज़ोरों पर उठी कि जे डी यू केंद्रीय मंत्रिमंडल में अपनी हिस्सेदारी चाह रहा है। हालांकि इस समय केवल रिपब्लिकन पार्टी के राम दास अठावले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में ग़ैर भाजपाई मंत्री हैं। परन्तु केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की मृत्यु के बाद लोक जन शक्ति पार्टी का भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व समाप्त हो चुका है लिहाज़ा इस बात की संभावना थी कि स्व0 राम विलास पासवान की जगह उनके पुत्र चिराग़ पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार में जगह मिले। अभी चिराग़ केंद्रीय मंत्री बनने के सपने संजो ही रहे थे कि अचानक उनपर पार्टी में विद्रोह जैसा वज्रपात हो गया। इसके सूत्रधार तो बेशक उनके सांसद चाचा पशुपति कुमार पारस बने परन्तु दरअसल यह सारा खेल नितीश कुमार जैसे राजनीति के उस मंझे हुए खिलाड़ी द्वारा रचा गया जो ज़रुरत पड़ने पर नरेंद्र मोदी,लालू प्रसाद यादव और शरद यादव जैसे नेताओं के साथ भी राजनीति की शतरंज पर सफलता पूर्वक शह-मात के खेल खेल चुके हैं।

बहरहाल,लोजपा का राम विलास पासवान के समय वाला स्वरूप अब ख़त्म हो चुका है। न तो चिराग़ पासवान में और न ही उनके चाचा पशुपति पारस में इतनी सलाहियत व योग्यता है कि लोजपा को उस स्वरूप में ला खड़ा कर सकें जहां तक राम विलास पासवान ले गए थे। सत्ता में बने रहने के सफल समीकरण बनाना व उसकी आहट को पहचानना राम विलास पासवान को इतना आता था कि लालू यादव ने उन्हें राजनीति का मौसम वैज्ञानिक बता डाला था। परन्तु ठीक इसके विपरीत लोजपा की बागडोर हाथ आते ही चिराग़ न तो नितीश कुमार से ताल मेल बिठा सके न ही अपने परिवार के सदस्यों से,और मोदी का हनुमान बताने के बावजूद न ही भाजपा से। नतीजतन उनके सांसद चाचा पशुपति कुमार पारस ने अपने साथ 5 लोजपा सांसदों के समर्थन का दावा करते हुए इसे असली लोजपा घोषित कर दिया और चिराग़ को अकेला छोड़ दिया। इतना ही नहीं जब चिराग़ देर से ही सही परन्तु जब इस %राजनैतिक विस्फ़ोट % के बाद अपने चाचा से मिलने उनके घर पहुंचे तो दो घंटे तक प्रतीक्षा करने के बावजूद उन्होंने



चिराग़ से भेंट करना मुनासिब नहीं समझा। क्योंकि अब तक काफ़ी देर हो चुकी थी।

इस पूरे लोजपा विघटन प्रकरण से एक और बात सामने आती है कि संपत्ति और सत्ता की विरासत संभालने में बहुत अंतर होता है। भारतीय राजनीति में शायद इंदिरा गाँधी अकेली अपवाद के रूप में गिनी जाने वाली नेता थीं जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के पश्चात् बड़ी ही सूझ बूझ,कुशलता व मज़बूती के साथ अपने पिता की विरासत को संभाला। वे घर से लेकर 1947 से 1964 तक नेहरू जी के साथ अधिकांश विदेशी दौरों पर साथ रहकर राजनीति के गुण सीखती थीं। वे नेहरू जी की मृत्यु के पश्चात् राज्य सभा की सदस्य बनीं। फिर स्व लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना प्रसारण मंत्री बनीं। इसतरह सिलसिलेवार तरीक़े से वे प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचीं। उसके बाद उनकी सफलता के क़िस्से इतिहास में दर्ज हैं। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि स्व इंदिरा गाँधी जिन प्रतिभाओं की स्वामिनी थीं उनके बाद राजीव गाँधी कांग्रेस को उस प्रकार का नेतृत्व नहीं दे सके। वजह यही थी कि उन्होंने राजनीति के गुण हर समय मां के साथ रहकर नहीं सीखे थे न ही उन्हें इसमें दिलचस्पी थी।

भारतीय राजनीति में इस तरह के सैकड़ों उदाहरण मिलेंगे कि दादा या पिता ने तो अपने जीवनकाल में राजनैतिक कौशल का लोहा मनवाया परन्तु उनकी संतानों ने पुत्र या पुत्री होने की वजह से राजनैतिक महत्वाकांक्षाएं तो ज़रूर पाल लीं परन्तु उस तरह की सलाहियत व योग्यता नहीं दिखा सके जो उनके दादा-पिताया माता ने दिखाई थीं। निःसंदेह चिराग़ पासवान भी राजनीति के एक ऐसे ही खिलाड़ी थे जो कभी फ़िल्म में अपना भविष्य तलाश कर रहे थे परन्तु उस क्षेत्र में असफल होने के बाद उन्होंने राजनीति का रुख़ किया। गोया जो समय राजनीति के गुण सीखने का था वह उन्होंने अन्यत्र बर्बाद किया। परिणाम स्वरूप नितीश कुमार से टकराने व अपने ही राजनैतिक व पारिवारिक कुंबे को साथ न ले चल सकने के कारण उन्हें यह दिन देखना पड़ा। देश में अपने बाप दादाओं की राजनैतिक विरासत संभालने वाले और भी तमाम नेता हैं जिनकी नैय्या डोल रही हैं। आज नहीं तो कल ऐसे अनेक अत्यधिक महत्वाकांक्षा रखने वाले व अपरिपक्व पितृ सत्ता वारिसों का यही हश्र होने वाला है जो चिराग़ पासवान का हुआ है। यह कहना ग़लत नहीं होगा कि स्व0 राम विलास पासवान का यह चिराग़ अत्यधिक महत्वाकांक्षा व अपरिपक्वता की वजह से ही मद्धिम हुआ है ।

## आभार जताना सीखों

मेरी एक संत मित्र थीं विमल। गर्मी के दिन थे और हम लोग गंगा तट पर बैठे हुए थे। गंगा तट पर बैठने से बड़ी ठंडी हवा लग रही थी। यूं तो बहुत गर्मी थी। अचानक से उन्होंने अपने झोले से आम निकाले और आम उन्होंने गंगा जी में उतार दिए ताकि ठंडे हो जाएँ और जब ठंडे हो गए तो उन्होंने एक मुझे दिया एक स्वयं लिया। उन्होंने आम हाथ में पकड़ा है और आम को देखती जा रही हैं। देखते-देखते उन्होंने कहा, यह आम का पेड़ जाने किस किसान ने कब बोया होगा, कितने पेड़ मर-मरा जाते हैं। चलते ही नही लेकिन यह पेड़ चलता रहा। सब झेल गया, आंधी तूफान सब झेल गया। मरा नहीं स्वस्थ रहा। अभी वह बड़ा हुआ। अभी उस पर बौर आए। फिर उस पर फल लगे और जाने कितने ही बार इस पेड़ पर कितने ही फल लगे होंगे और जाने किस-किसने खाए होंगे। लेकिन यह एक आम उतरा, टोकरी में गया। टोकरी से मंडी, मंडी से ट्रेडर, ट्रेडर से रीटेलर। और फिर अंत में रेहड़ी वाले के पास इतने आम थे, पर मैंने चुन कर कुछ आमों को निकाला और गंगा तट पर ये जो आम लाई हूं और उनमें से एक आम आपको दे दिया। पर यह आम मेरे हिस्से में आया। तो यह आम मुझ तक कितनी लम्बी यात्रा कर के आ रहा है भावविभोर हो कर विमल ने कहा कि परमात्मा ने इस फल को खासम-ख़ास मेरे लिए ही उगाया था। इसको मैं कहती हूं- संवेदनशील होना। इतने खेत, इतने पेड़, इतने आम, इतने रीटेलर, इतने रेहड़ी वाले, करोड़ों आम निकलते हैं। पर उन करोड़ों आमों में से यह एक छंट कर मुझ तक पहुंचा। भगवान ने खासम-ख़ास यह आम मेरे लिए उगाया है तो यह तो परमात्मा का प्रसाद है और वह आम से ऐसे बात कर रही थीं जैसे आम उसकी बात को सुन रहा हो। और उस आम से कहती हैं, जब मैं तुम्हें खाऊंगी तो बहुत रस लेकर खाऊंगी और जब तू मेरे भीतर जाएगा तो तू मेरे भीतर ईश्वरीय प्रेम को और जगा देगा। ईश्वर ने प्रसाद भेजा है और इस ईश्वरीय प्रसाद को खा कर (क्योंकि जो अन्न हम खाते हैं उससे न केवल हमारा शरीर बनता है बल्कि हमारे मन का भी तो निर्माण इसी से होता है) मेरे मन में ईश्वरीय प्रेम निश्चित तौर पर बढ़ेगा। तो वह आम से प्रार्थना कर रही हैं कि, %जब तू मेरे भीतर जाए तो मेरे भीतर प्रेम बढ़े। जिस प्रभु ने तेरे शरीर को बनाया है मेरे शरीर के लिए, तो जब तू मेरे भीतर जाए तो उस ईश्वर के प्रति मेरे प्रेम को और गहरा कर देना। खयाल रहे, कोई अकलमंद आदमी इस कहानी को सुने तो शायद कहे कि यह औरत तो पागल लगती है, आम से बात कर रही है। वह पेड़, फल से चर्चा नहीं कर रही है।

## कोरोना से लड़ाई में जीएसटी परिषद द्वारा उठाया गया राहत भरा कदम

**अशोक भाटिया**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की 44वीं बैठक में कोविड संबंधी दवा और अन्य जरूरी वस्तुओं जैसे कि एम्बुलेंस आदि पर जीएसटी की दर घटाने का अहम फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार ने इन सभी आवश्यक वस्तुओं पर लगने वाले जीएसटी की अलग-अलग दरों को आवश्यकता के अनुसार घटाया है। मालूम हो कि जीएसटी परिषद ने कोरोना वायरस में काम आने वाले जिन उपकरणों और दवाओं पर जीएसटी की दरें घटाई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि परिषद में टीके पर पांच फीसदी की कर दर को कायम रखने पर सहमति बनी है। लेकिन एम्बुलेंस पर जीएसटी की दर को 28 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी किया गया है। टेम्प्रेचर चेकिंग इक्विपमेंट्स के लिए जीएसटी की दर पांच फीसदी की गई। दवाओं की बात करें, तो Anti-coagulants like Heparin और रेमडेसिविर की दर 12 फीसदी से पांच फीसदी हो गई है। उपकरणों में मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, ऑक्सीजन कसंट्रेटर/जेनरेटर (व्यक्तिगत आयात सहित), वेंटिलेटर, वेंटिलेटर मास्क/हेलमेट, BiPAP मशीन और हाईलो नेसल कैनुला (HFNC) डिवाइज की जीएसटी की दर 12 फीसदी से पांच फीसदी हुई है। इसके अतिरिक्त कोविड टेस्टिंग किट और स्पेसिफाइड इन्फ्लेमेटरी डायग्नॉस्टिक किट पर भी कर 12 फीसदी के बजाय पांच फीसदी हो गया है। देश में ब्लैक फंगस के बढ़ते मामलों को देखते हुए परिषद ने इसके इलाज में काम आने वाली Amphotericin B दवा पर जीएसटी की दर शून्य की है। Tocilizumab और Amphotericin B पर सरकार ने कर की दर शून्य कर दी है। पहले इन पर पांच फीसदी टैक्स लगता था।



कोरोना संक्रमण से लड़ने वाली दवाओं व चिकित्सा उपकरणों पर उत्पाद शुल्क कम करने का जो फैसला किया है उसका सशर्त समर्थन इसलिए किया जाना चाहिए आगामी अक्तूबर महीने में कोरोना की संभावित तीसरी लहर का मुकाबला करने के लिए कौंसिल इस कमी में और ज्यादा कमी करने के विकल्प खुले रखे। परिषद ने विभिन्न दवाओं पर लागू उत्पाद व सेवा शुल्क को पांच प्रतिशत के स्तर पर लाने का फैसला किया है जिनमें हैंड सेनेटाइजर भी शामिल है। कोरोना काल में इसका सर्वाधिक उपयोग होता है। बैठक को लेकर सबसे पहले पंजाब के वित्त मन्त्री श्री मनप्रीत सिंह बादल ने आवाज उठाते हुए अप्रैल में कहा कि कौंसिल के विधान के अनुसार इसकी बैठक अधिकतम तीन महीने बाद बुला ली जानी चाहिए परन्तु छह माह बीत जाने पर भी बैठक नहीं बुलाई जा रही है। इसके बाद पुनः मई महीने के मध्य में उन्होंने मांग दोहराई, तब जाकर परिषद विगत 28 मई को बैठी और उसने उत्पाद शुल्क से सम्बन्धित मांगों पर मन्त्रिमंडलीय समूह गठित कर दिया। उत्पाद शुल्क का विषय कोई आर्थिक क्षेत्र का पेचीदा सवाल नहीं है बल्कि आम जनता से सीधा जुड़ा हुआ मुद्दा है। अतः फैसला किया गया कि एम्बुलेंस पर सेवा कर की सीमा 28 प्रतिशत से घटा कर 12 प्रतिशत की जायेगी। पूरे देश ने अपनी आंखों से कोरोना के भीषण काल में वह नंगा नाच देखा है कि एम्बुलेंसों के मालिक गंभीर मरीजों को अस्पताल तक ले जाने और शवों को अन्तिम स्थल तक ले जाने के लिए किस प्रकार संवेदनहीनता की हदें पार करते हुए हजारों रुपए की मनमानी फीस वसूल रहे थे। चर्चा यही थी कि उस दौरान एक नया एम्बुलेंस माफिया खड़ा हो गया था जो लोगों के गम को मुनाफे में भुना रहा था।

ज्ञात हो कि रेमडेसिविर इंजैक्शन की काला बाजारी जम कर हो रही थी और तीन हजार रुपए की चीज पचास-पचास हजार रुपए तक में बिक रही थी। राजधानी दिल्ली के बाजार से कोरोना उपचार की प्राथमिक दवाएं तक गायब हो गई थीं। परिषद की भूमिका ऐसे समय में बहुत महत्वपूर्ण थी। खैर 'देर आयद-दुरुस्त आयद' की कहावत पर अब इसने जो संशोधन सेवा व वस्तु कर में किये हैं उनका स्वागत किया जाना चाहिए। मगर इसके साथ यह भी सोचा जाना चाहिए कि आक्सीमीटर या थर्मामीटर अथवा आक्सीजन कंसंट्रेटर पर पांच प्रतिशत से भी कम कर लगा कर क्या हम और ज्यादा राहत लोगों को दे सकते हैं। ये सब वस्तुएं अब विलासिता की नहीं रह गई है बल्कि आवश्यक हो गई हैं। जहां तक वैक्सीन पर उत्पाद शुल्क पांच प्रतिशत जारी रखने का सवाल है तो वह उचित ही जान पड़ता है क्योंकि अब 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों के केन्द्र सरकार इसे मुफ्त लगायेगी।

## इंदिरा हृदयेश के बाद की कांग्रेस का चेहरा!

### सूडोकु नवताल-5747

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5746 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

इंदिरा हृदयेश की अचानक हुई मृत्यु से कांग्रेस को उत्तराखंड में गहरा झटका लगा है । उत्तराखंड ही नहीं उत्तर प्रदेश में भी इंदिरा हृदयेश के चले जाने का राजनेताओं और उनसे जुड़े लोगों को दुःख है।स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत केंद्र व राज्य स्तर के अनेक नेताओं जिनमे उत्तराखंड की राज्यपाल व मुख्यमंत्री भी शामिल है,ने इंदिरा हृदयेश की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है।इंदिरा हृदयेश चाहकर भी कभी मुख्यमंत्री तो नही बन पाई लेकिन वे हमेशा कद्दावर रही और मृत्यु से ऐन पहले तक वे सन 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ने के लिए भी उत्साहित थी।इसी चुनाव को लेकर दिल्ली में हुई कांग्रेस की बैठक में वे बतौर नेता प्रतिपक्ष शामिल हुई थी।लेकिन दुर्भाग्यवश दिल्ली प्रवास के दौरान ही उनकी मौत हो गई।

इंदिरा हृदयेश के जाने के बाद नेताप्रतिपक्ष कौन होगा,कांग्रेस क्या मौजूदा स्वरूप में ही चुनाव लड़ेगी या कोई संगठनात्मक परिवर्तन होगा ,इस पर भी विचार मंथन शुरू हो गया है। डा. इंदिरा हृदयेश के जाने के बाद अब कांग्रेस विधायक दल के नेता के रिक्त पद पर कौन आसीन होगा ?इसके चयन की चुनौती इस समय कांग्रेस के सामने है। फिलहाल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता करन माहरा है ।उन्हें ही प्रमोट किया जाएगा या अन्य कोई इंदिरा जी की जगह लेगा इसे लेकर निकट भविष्य में फैसला होना है।

पहले कांग्रेस में वरिष्ठता के आधार



पर डा इंदिरा हृदयेश को राज्य विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। चार साल तक इस जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया भी। डा हृदयेश पार्टी विधायक दल के भीतर और बाहर संतुलन साधने में सफल रहीं । इस समय उनके निधन से प्रदेश में कांग्रेस के भीतर शोक का वातावरण बना हुआ है, ऐसे में रिक्त हुए नेता विधायक दल के पद को लेकर फैसला लेने में थोड़ी देर हो सकती है। कांग्रेस विधायक दल का नेता कौन होगा ,इसे लेकर भले ही सार्वजनिक रूप से कोई चर्चा न हो रही हो,लेकिन पार्टी में अंदरखाने चर्चा भी शुरू हो गई है।हालांकि सदन में उपनेता करन माहरा भी विधानसभा के भीतर पार्टी का मजबूती से प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। ऐसे में उन्हें भी पार्टी यह जिम्मेदारी सौंप सकती है।वही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल को भी नेता प्रतिपक्ष पद के दावेदारों में माना जा रहा है। कांग्रेस हाईकमान लगभग एक सप्ताह में इस संबंध में फैसला कर सकती है।इंदिरा हृदयेश उत्तराखंड में कई मोर्चों पर मजबूती के साथ खड़ी रहने वाली अकेली नेता थीं,उनको लेकर कांग्रेस दम ठोक कर कहती थी कि इंदिरा जी हैं न ,उत्तराखंड कांग्रेस में नारायण दत्त तिवारी के बाद इंदिरा हृदयेश व किशोर उपाध्याय दो बड़े ब्राह्मण नेता रहे है। इंदिरा हृदयेश उत्तरप्रदेश से लेकर उत्तराखंड के 21 सालो में सबसे बड़ी महिला नेता के रूप में उभरी थी। उत्तराखंड कांग्रेस में उनकी गिनती हमेशा ताकतवर और बड़े चेहरों में होती थी। उत्तराखंड कांग्रेस में अभी तक मुख्य राजनीति हरीश रावत,इंदिरा हृदयेश,प्रीतम सिंह और किशोर उपाध्याय के संयुक्त या फिर अलग अलग समर्थको के साथ घूमती रही है।जिनमे पिछले कुछ समय से प्रीतम सिंह व इंदिरा हृदयेश एक सुर में चल रहे थे तो हरीश रावत अपने पुराने साथी किशोर उपाध्याय के साथ पटरी बैठा रहे थे।यदपि देखा जाए तो चारो ही नेताओं ने अपनी सक्रियता बनाये रखने के लिए अपने अपने एजेंडे अपने अपने समर्थकों के साथ जारी किए हुए है।किशोर उपाध्याय वनाधिकार क्षेत्र में सक्रिय है,तो हरीश रावत पार्टी स्तर पर पंजाब संभालने के साथ ही सदन से बाहर भाजपा सरकार को घेरने में लगे रहते है।जबकि प्रीतम सिंह पार्टी प्लेटफार्म पर सक्रियता बनाये हुए है।वही इंदिरा हृदयेश ने सदन के अंदर सरकार को घेरने का काम जीवन पर्यंत किया।हालांकि आपसी तालमेल का भी कुछ अभाव रहा।






# राहुल गांधी देश के भविष्य: बृज किशोर शर्मा कल्लू

### कांग्रेस सेवा दल के द्वारा जन्मदिन के उपलक्ष में हॉस्पिटल के मरीज एवं उनके साथ आए हुए परिजनों को फल वितरित किए

संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव / अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में सांसद आदरणीय राहुल गांधी जी का आज 51 वाह जन्मदिन शासकीय अस्पताल मैंहगांव में मनाया गया।

राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष डॉ बृजेश मौर्य द्वारा एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू जिला पंचायत सदस्य के द्वारा आज राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कहां राहुल गांधी जी देश का भविष्य है आज पूरे देश में नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा कोरोना महामारी में कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई गई डेढ़ वर्ष से लगातार कोरोना के कारण लाखों लोगों की मृत्यु हो गई कई परिवार बर्बाद हो गए इस समय जो सरकार का दायित्व था वह सरकार ने नहीं निभाया हमारे नेता राहुल गांधी जी ने डेढ़ साल पहले ही कहा था कोरोनावायरस पर सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए मगर सरकार ने राहुल गांधी जी की बातों को अनदेखा किया उसी का परिणाम है कि आज देश में कोरोना के कारण कई ऐसे युवा बेरोजगार हो गए जो पढ़े-लिखे और कई विषयों पर अध्ययन करने के बाद दर-दर भटक रहे हैं जिला कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार मौर्य द्वारा राहुल गांधी जी को युवाओं का नेता मानते हुए कहा राहुल गांधी ही देश को सही दिशा निर्देश दे सकते हैं आने वाले 2024 के चुनाव में राहुल गांधी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री मनीष शिवहरे ने कहा राहुल गांधी जी ने आज संपूर्ण देश में कोरना जैसी महामारी में आम जनता के बीच पहुंचकर विपक्ष का जो धर्म होता है वह निभाया जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष धनीराम और पप्पू ने इस अवसर पर राहुल गांधी के विचारों का प्रकाश डाला युवा कांग्रेस के नेता विकास चौधरी द्वारा राहुल गांधी जी को लोह पुरुष बताया जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष जबर सिंह कुशवाह ने राहुल गांधी जी के 17 साल के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रशीद खान ने संगोष्ठी का संचालन किया इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने शासकीय अस्पताल मेंहगांव पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को पर उनके परिजनों को फल वितरित किए।




## ब्रम्हाकुमारीयों एवं राजयोगनी का भाजपा नगर मंडल व समाजसेवियों ने किया सम्मान

रिपोर्टर सुनील तोमर अम्बाह...



पोरसा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की राजयोगिनी अवधेश बहन जी एवं ब्रम्हाकुमारी जो अन्य जिलों से पधारी उनका समाजसेवीये ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। आज माथुर वैश्य धर्मशाला पोरसा पर बीजेपी नगर मंडल पोरसा, बीजेपी युवा मोर्चा, पुत्तु राम मेमोरियल स्कूल,शिवम कॉलेज मुक्तिधाम समिति, माथुर वैश्य महासभा उत्तर व दक्षिण ,गिर्राज जी भक्त मंडल, लायंस क्लब, केला देवी भक्त मंडल, आचार्य आनंद क्लब अंबाह भाजपा महिला मोर्चा, सब्जी मंडी समिति व्यापारी संगठन आदि के द्वारा माथुर वैश्य धर्मशाला पोरसा पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि मध्य प्रदेश जोनल डायरेक्टर राजयोगिनी अवधेश जी एवं अन्य जिलों से पधारी हुई ब्रम्हाकुमारी यों का व भी के रेखा बहन जी का शाल व श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, बीके रेखा बहन ,डॉक्टर सुधीर आचार्य, दिनेश शर्मा ,डॉक्टर पीसी गुप्ता, अन्नू गुप्ता, जसराम गुप्ता ,राजू गुप्ता राधा कृष्ण गुप्ता ,संदीप परमार अवधेश राजोरिया ,नीरज पचौरी ,कल्लू वर्मा ,संदीप उपाध्याय ,योगेश शर्मा ,वेद प्रकाश गुप्ता , बिन्दुसार सिंह तोमर,ब्रजेंद्र गुप्ता विकास तोमर आदि के द्वारा शाल व श्रीफल उपहार भेट किए गए इसके उपरांत राजयोगिनी अवधेश जी एवं बी के रेखा बहन,के द्वारा उपस्थित लोगों को धर्म ज्ञान दिया गया बताया गया ब्रम्हाकुमारीया, शिव की शक्तियां होती हैं इनसे आशीर्वाद पाया जा सकता है उस आशीर्वाद स्वरुप शक्तियां प्राप्त होती हैं जो शक्तियां भविष्य में काम आती हैं,, प्रत्येक व्यक्ति को शक्तियां ग्रहण करनी चाहिए।

## महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सामिल हुए



पुष्पाजली टुडे, चैन्नई। आज इस विवाह कार्यक्रम मे भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के राष्टीय वरिष्ठ महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द इस विवाह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वर वधु को आर्शीवाद दिया स्वामी तेजानन्द के साथ तामीलनाडु व्यापारी सघंठन के प्रदेश सहसचिव पारसमल चोयल तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन तिरुवेलुर पश्चिम के जिला सचिव नेमीचन्द जाट उपस्थित होकर वर वधु को आर्शीवाद दिया

## झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई का नाम वीरता की श्रेणी में है सबसे ऊपर

संतोष सिंह भदौरिया



भिण्ड / 1857 की क्रांति की सबसे बड़ी नायिका और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम वीरता की श्रेणी में सबसे उपर रखा जाता है। रानी लक्ष्मी बाई का व्यक्तित्व आज सिर्फ़ महिलाओं के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

18 जून 1858 को इस महान नायिका का बलिदान दिवस है। रानी लक्ष्मी बाई ग्वालियर में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ती हुई शहीद हुई थी।

सिंहासन हिल उठे
राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में आई फिर से
नयी जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की
कीमत सबने पहचानी थी,
दूर फिरंगी को करने की
सबने मन में ठानी थी।
चमक उठी सन सत्तावन
में, वह तलवार पुरानी थी,
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसी वाली रानी थी।

रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस के दिन आराध्या अग्रवाल ने उनके स्वरूप को धारण कर उनकी शौर्य गाथा का वर्णन कर उनको याद किया उन्होंने बड़ी वीरता ओर साहस के साथ गोरों को भगाने मै अहम भूमिका निभाई थी साथ ही आयरन लेडी मेडम प्राइम मिनिस्टर इंदिरा गांधी बनी श्रेया अग्रवाल।

## नाथू सिंह गुर्जर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मेहगांव मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, मेहगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने सभी कार्यकर्ताओं की बैठक ली इसमे जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर एक एक वृक्ष अवश्य लगाएं जिसका विशेष ध्यान रखें वृक्ष हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है कोविड-19 महामारी मैं जिन परिस्थितियों से हम गुजर रहे हैं वह अत्यंत दुखद है इसलिए भविष्य में ऐसी परिस्थितियां फिर से उत्पन्न ना हो इसके लिए हमें वृक्षों पर विशेष ध्यान देना है और जिला अध्यक्ष ने कहां की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हम चाहते हैं कि हर कार्यकर्ता स्वच्छता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दिखाएं बैठक में उपस्थित रहे मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र भदोरिया जी, महामंत्री एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी रोहित करैया जी महामंत्री कालीचरन शाक्य जी मुन्नी नरवरिया जी गंभीर जाटव जी नीरज चौधरी सोनू बैशान्दर जी, अनिल भदौरिया जी, रामू राठौर जी रजत मुदगल जी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अम्बाह कोविड टीकाकरण महा अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षक घर घर देरहै पीले चावल

रिपोर्टर राधा तोमर



अम्बाह / प्रारंभ होने जा रहे कोविड टीकाकरण महा अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोडने के लिये चम्बल अंचल के ग्रामपंचायत में घर घर पीले चावल देकर ग्रामवासियों को वैक्सीन लगवाने के लिये आमत्रित करते हुये मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अम्बाह के तहसील अध्यक्ष नीलेश शर्मा ने कहाँ भारतीय वैक्सीन पर भरोसा कीजिए वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। मेरे माता जी और पिताजी ने दोनों डोज लगवाकर स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं मेंने भी पहला डोज लगवा लिया है और दूसरा डोज भी नियत समय 11 अगस्त को लगवाऊँगा आप भी वैक्सीन लगवायें और अपने और अपने परिवार को कोविड से बचावें। नीलेश शर्मा ने ये भी बताया इस महा अभियान में पूर्व से पंजीयन आवश्यक नहीं है आप वैक्सीन लगवाने अपने साथ आधार कार्ड लेकर जावे आपका रजिस्ट्रेशन वैक्सीनेशन सेंटर पर ही कर दिया जायेगा । दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी है इस सूत्र का सदैव पालन करें इस जागरूकता कार्यक्रम में श्री सुघर सिंह ,नीलेश शर्मा ,श्री प्रताप गुर्जर, श्री ब्रजेश शर्मा ,श्री लाल आदि कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

## पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा 'मित्रता' विषय पर ऑनलाइन 'साहित्यिक प्रतियोगिता' आयोजित

पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा राष्टीय स्तर पर ऑनलाइन ÷साहित्यिक प्रतियोगिता÷ का आयोजन किया गया। जिसका विषय %मित्रता% रखा गया। इस प्रतियोगिता में वाणी कर्ण जी (काठमांडू, नेपाल) सहित देशभर के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक बेहतरीन मित्रता पर आधारित अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर प्रतियोगिता के स्तर को काफी ऊंचा उठा दिया। इस प्रतियोगिता में समूह द्वारा सहयोग हेतु मीता लुनिवाल जी (जयपुर, राजस्थान) का चयन किया गया था। जिन्होंने अपने विशेष सहयोग से ऑनलाइन साहित्यिक प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समूह के निर्णायकों द्वारा रचनाओं की उत्कृष्टता और रचनाकारों द्वारा रचनाओं में प्रस्तुत की गई मित्रता की हृदयस्पर्शी भावनाओं के आधार पर



विशिष्ट सहयोगी मीता लुनिवाल जी सहित मधुश्री, अल्पा मेहता, निर्मला कर्ण, राज सुराना, नवीन जोशी %नवल%, मुकेश बिस्सा, डॉ. ऋतु नागर, पदमा दीवान %अर्चना% को ÷पुनीत सर्वश्रेष्ठ रचनाकार÷ सम्मान देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रतिभागी रचनाकारों को ÷पुनीत श्रेष्ठ रचनाकार÷ सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस प्रतियोगिता में अपनी रचना प्रस्तुत कर समूह की शोभा बढ़ाने वालो में प्रमुख नाम मीता लुनिवाल, मधुश्री, अल्पा मेहता, निर्मला कर्ण, राज सुराना, नवीन जोशी %नवल%, मुकेश बिस्सा, डॉ. ऋतु नागर, पदमा दीवान %अर्चना%, अनुपमा तोषनीवाल, सावित्री मिश्रा, वर्षा महानन्दा, लक्ष्मी भट्ट, विजय कुमार यादव, प्रिया झंवर, वाणी कर्ण, प्रतिमा पाठक, कुमार प्रशांत, संगीता सिंघल विभु, सुनीला गुप्ता, रूपाली कक्कड़ सिंह रचनाकारों के रहे।

# दतिया गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने 4 करोड़ 8 लाख की लागत की जखौरिया-सिरौल सड़क का किया भूमिपूजन

संदीप प्रधान, पुष्पांजली टुडे।




दतिया / ग्राम जखौरिया में शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित होकर मुक्तिधाम का निर्माण होगा

दतिया, 19 जून 2021/ मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने ग्राम पंचायत जखौरिया में 4 करोड़ 8 लाख रूपये के स?क निर्माण कार्य कार्य का पूजन करते हुए कहा कि ग्राम जखौरिया में शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कर एक माह के अंदर मुक्तिधाम बना दिया जायेगा।

गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मुख्य मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीब एवं पात्र लोगों को निःशुल्क प्रदान किये खाद्यान वितरण की जानकारी प्राप्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं की धरातल पर क्रियान्वयन जमीनी हकीकत की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्राम जखौरिया में विकास के कार्यो की आज सौगात देकर अपना फर्ज निभाया है। गांव के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जावेगी।

गृहमंत्री को ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रामप्रकाश कुशवाहा की असमयिक मृत्यु होने पर परिजनों को शासन से सहायता उपलब्ध कराई जावे। गृह मंत्री ने कह कि प्रकरण का परीक्षण कर मृतक री रामप्रकाश कुश्वाहा के परिजनों को हर संभव सहायता शासन से उपलब्ध कराई जावेगी। गृह मंत्री ने ग्रामीणों के आवेदन पर प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के प्रकरणों का परीक्षण कर कृषकों को लाभ दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि स?क निर्माण कार्य पूर्ण होने से जखौरिया सहित आस-पास के गांवों को मुख्य हाईवे पर पहुंचाने में समय एवं दूरी काफी कम होगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुद्यौलिया सर्वश्री कालीचरण कुशवाहा, बाबूलाल कुशवाहा, विपिन गोस्वामी, योगेश सक्सैना, गिन्नी राजा परमार, जीतू कमरिया, अतुल भूरे चैधरी, धीरू दांगी, मुकेश यादव, अजय दुबे, प्रवीण पाठक, भगवान सिंह कुशवाहा, सरपंच ख्याली कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## रामदेव सेवा समिति के तत्वाधान में रक्तदान शिविर के दौरान महारथियों का सम्मान किया गया



**नेनाराम सिरवी, पाली रानी।** निकटवर्ती रानी ब्लॉक के खो? कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बांगड़ हॉस्पिटल पाली टीम प्रभारी डॉ मांगीलाल चौधरी की उपस्थिति में बाबा रामदेव सेवा समिति के सानिध्य में जय नरसिंह मंडल खो? के 72 सदस्यों ने रक्तदान किया रक्तदान करने वाले युवाओं को जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी ,पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच,। उपसरपंच मालम सिंह मेड़तिया जगदीशचंद्र जोशी। व भाजपा पाली जिला प्रतिनिधि मुकेश सीरवी। के हाथों से प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान किया गया । व भामाशाह सोहनसिंह खोखर राठौड़ द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी ने रक्तदान शिविर के दौरान रक्त देने वाले महारथियों का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे महारथियों के देश को पूरी जरूरत । इनके सहयोग के माध्यम से आमजन का जनजीवन को बचाया जा सकता है ।सरपंच दुर्गादास जिसने बाबा रामदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया रक्तदान शिविर की साधना करते हुए बताया कि इस प्रकार के शिविर आयोजित करने वाले संपूर्ण आयोजन कर्ताओं का सम्मान करना हमारी पहली प्राथमिकता और इनके सम्मान से ही हमारी जीत रहेगी। बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से रक्तदान करने वाले महारथियों को जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी विनय ठु 95 मास्क वितरित किए। इस अवसर पर डॉ मोहनलाल प्रजापत, बंसीलाल नागरिया ,बुद्धाराम ,अरुणेश भाटी ,प्रदीप चौधरी, किरणसिंह चौहान ,रविंद्रसिंह मेड़तिया ,भवानीसिंह चाव?ा, मदनलाल बोस कल्याणपुरा ,नरेंद्र कुमार सुआरा, श्यामसिंह भाटी ,जसवंत परिहार, हनुमान विजय त्रिवेदी ,नरेंद्र मीणा ,प्रेमसिंह परमार, हरीश सोनी ,कमलेश शर्मा ,कैलाश मेवाड़ा ,अशोक सीरवी। लक्षित सीरवी ओपाराम मेघवाल, अरविंद गोयल सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। । जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी द्वारा सभी रक्त दान दाताओं को ह्95 मास्क वितरण किये गये ।

# नैनो न्यूज

## इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले खिलाड़ी रोनाल्डों



**लिसबेन (ए)।** पुर्तगाल से स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डों यूरोपीय चैंपियनशिप 2020 में खेल रहें हैं। हंगरी के खिलाफ दो गोल करके वह यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने हैं। लेकिन रोनाल्डो मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो सोशल मीडिया पर भी छाए हुए हैं। इसकारण है कि वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बने हैं। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर 300 से अधिक मिलियन फॉलोवर्स हो गए हैं। रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा 300 मिलियन फॉलोवर्स हो चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बने हैं। इंस्टाग्राम पर 200 मिलियन फॉलोवर्स वाले भी वह पहले शख्स हैं। फैन फॉलोइंग के मामले में रोनाल्डो के आस-पास भी कोई नहीं है। हॉलीवुड के अभिनेता ड्वेन जॉनसन इंस्टाग्राम पर दूसरे सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति हैं। जॉनसन के 246 मिलियन फॉलोवर्स हैं। पिछले साल आई रिपोर्ट के मुताबिक रोनाल्डो सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शख्स हैं। मार्च 2019 से 2020 तक रोनाल्डो ने अकेले इंस्टाग्राम से 50.3 मिलियन डॉलर मिले। यह उनके क्लब जुवेंट्स द्वारा दी जा रही सैलरी (33 मिलियन डॉलर) से कहीं ज्यादा है।

## यूरोप में अभ्यास जारी रखेंगे नीरज और विनेश : साई

**नई दिल्ली (ए)।** भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पहलवान विनेश फोगाट को टोक्यो ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले 25 जुलाई तक यूरोप में अपने-अपने स्थानों पर ही अभ्यास जारी रखने की अनुमति मिल गयी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा कि चोपड़ा ने हाल में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में जीत के साथ वापसी की थी। उन्होंने यूरोप के अभ्यास सह प्रतियोगिता दौरे पर लिस्बन में 83.16 मीटर की दूरी के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसलिए उन्हें अभ्यास जारी रखने को कहा गया है। वहीं फोगाट ने पोलैंड ओपन में इस महीने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी ओलंपिक तैयारियों का सबूत दिया था। उन्हें भी इसी प्रकार अभ्यास करने की इजाजत दी गयी है। साइ की समीक्षा समिति 'द मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी)' ने टोक्यो खेलों तक दोनों को ही विदेश में बने रहने और अभ्यास करने के प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दे दी है। साइ के अनुसार , '' पुर्तगाल में छह जून से रह रहे नीरज के स्वीडन के उप्साला में उनके कोच डॉ क्लाउस बार्टोनिएट्स और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ 21 जून से प्रशिक्षण शुरू करने के प्रस्ताव के लिए 34.87 लाख रुपये के खर्च को मंजूरी दे दी गई है।'' उन्होंने कहा, '' विनेश फोगाट अप्रैल से यूरोप में है और उन्हें ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले वह अभ्यास जारी रखने को कहा गया है।'' उन्होंने बताया, ''इस प्रस्ताव में एस्टोनिया के टैलिन में 10-दिवसीय अभ्यास शिविर के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में 16-दिवसीय शिविर भी शामिल है। अभ्यास में उनकी मदद के लिए कोच वोलर एकोस और फिजियोथेरेपिस्ट पूर्णिमा रमन नगोमंदिर उनके साथ रहेंगे। इसके लिए उनके 9.01 लाख रुपये की लागत से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया है।''

## मई 2021 में स्कोर्पियो, क्रेटा और मारुति ब्रेजा की बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली (ए)।** देश के कार बाजार में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। भारत के कार बाजार में बिकने वाली हर तीन में से एक कार स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल है। इनमें महिंद्रा स्कार्पियो, हुंडई क्रेटा, मारुति ब्रेजा जैसी कारें शामिल है। उद्योग जगत का अनुमान है कि चालू कैलेंडर वर्ष के पहले 5 महीने में 5,00,000 से अधिक एसयूवी बिके हैं। साल 2020 के 12 महीने में करीब 7,00,000 स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल बेची गई थी। साल 2021 के पहले 5 महीने में एसयूवी की जोरदार बिक्री की वजह से भारत के पैसेंजर व्हीकल मार्केट में एसयूवी की हिस्सेदारी पिछले साल के 29 से बढ़कर 35 फीसदी हो गई है अगर बात मई 2021 की करें तो स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल की कार बाजार की बिक्री में हिस्सेदारी 48.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

# सचिन ने डब्ल्युटीसी पर उठाए सवाल, कहा- इस तरह से होना चाहिए फाइनल

### यह बेस्ट ऑफ थ्री या सीरीज के तौर पर होना चाहिए था, ये डब्ल्यूटीसी फाइनल सीरीज होनी चाहिए



**नई दिल्ली(ए)।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के फॉर्मेट को लेकर कहा कि फाइनल एक मैच का नहीं, बल्कि सीरीज की तरह खेला जाना चाहिए। इसके लिए आईसीसी को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के फॉर्मेट को लेकर जरूर काम करना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि जब आप 50 ओवर का विश्व कप या टी20 चैम्पियनशिप खेलते हैं, तो आप किसी भी टीम से एक बार भिड़ते हैं। ये इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस पूल में है। इसमें एक निरंतरता होती है और फिर आप फाइनल खेलते हैं। उस स्थिति में एक फाइनल मैच होना सही है, लेकिन डब्ल्यूटीसी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया से चार और इंग्लैंड से भी इतने ही मैच खेले और फिर आप अचानक फाइनल में पहुंच जाते हैं, जहां सिर्फ एक मैच ही खेला जाना है जोकि गलत है। यह बेस्ट ऑफ थ्री या एक सीरीज के तौर पर होना चाहिए था। ये डब्ल्यूटीसी फाइनल सीरीज होनी चाहिए। ऐसे में बेस्ट ऑफ थ्री मैच सही होते। उन्होंने कहा कि यह तय किया जा सकता है कि आप उन मैच को कैसे खेलते हैं- एक घर में, एक विदेश में या जो भी तय होता, मुझे लगता है कि आईसीसी के सामने भी कई चुनौतियां रही होंगी। समय के साथ वो जरूर इसका समाधान निकाल लेंगे। कंडीशंस की इंग्लैंड में बड़ी भूमिका होती है। अगर पिच में घास है और आसमान में बादल छाए हुए हैं, तो फिर आपको शुरुआत में संभलकर खेलना होगा। एक बार आंखें जम जाने के बाद आप तेजी से रन बना सकते हैं, साउथम्पटन की पिच पर बल्लेबाजी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि फाइनल में भी कंडीशंस की भूमिका अहम होगी। पिच और बाउंस सिर्फ टीम इंडिया के लिए नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड के लिए भी परेशानी हो सकती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में टीम इंडिया के अंडर डॉग होने की चर्चा पर सचिन ने कहा कि नहीं ऐसा बिल्कुल नहीं है, टीम इंडिया ने काफी अच्छी क्रिकेट खेली है। अगर आप पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे की ही बात करें तो करीब आठ-दस खिलाड़ी टीम से बाहर थे। उस समय बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को मौका दिया गया। इसमें से कुछ तो सिर्फ नेट बॉलर की तरह टीम के साथ आए थे, लेकिन उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया। इससे पता चलता है कि टीम इंडिया के पास कितना टैलेंट है, इसलिए हम अंडरडॉग नहीं है।

## माइकल वॉन का विवादित बयान, कहा- बारिश ने भारत को बचा लिया

### अगर मैच होता तो भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती



**लंदन(ए)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच साउथैम्पटन के एजिस बाउल में खेला जाना है। लेकिन साउथैम्टन में लगातार बारिश हो रही है जिस कारण निर्धारित समय (18 जून) पर नहीं शुरू हो पाया। इस वजह से मैच को 19 जून से खेला जाएगा। लेकिन फाइनल मैच से पहले ही इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भारतीय टीम को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को लेकर भारतीय टीम पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि मौसम ने भारतीय टीम को बचा लिया। वॉन ने इसके साथ ही इमोजी का इस्तेमाल किया और हैश टैग देते हुए लिखा कि टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल। माइकल वॉन के इस ट्वीट से साफ जाहिर होता है कि उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ यह ट्वीट किया है। वॉन के ट्वीट के अनुसार भारतीय टीम को इंग्लैंड के खराब मौसम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के पहले दिन बचा लिया है। अगर मैच होता तो भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती। इससे यह भी जाहिर होता है कि वॉन भारतीय टीम को टेस्ट चैंपियनशिप जीतते हुए नहीं देखना चाहते। यह पहली बार नहीं है कि माइकल वॉन ने भारतीय टीम को लेकर कोई टिप्पणी की हो। इससे पहले भी वह भारतीय टीम को लेकर अपने बयान दे चुके हैं। जिस वजह वह सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशंसकों द्वारा ट्रोल होते रहें हैं। इस बार भी वॉन ने भारतीय टीम के खिलाफ ट्वीट करके पंगा ले लिया है और उन्हें भारतीय प्रशंसकों द्वारा ट्रोलिंग का सामना करना पड़ सकता है।

## टीम इंडिया के फीलि्डंग कोच श्रीधर ने गिल को बताया मिलियन डॉलर क्रिकेटर



**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने युवा ओपनर शुभमन गिल की जमकर तारीफ की। श्रीधर ने गिल की तारीफ करते हुए उन्हें मिलियन डॉलर क्रिकेटर करार दिया है। आर श्रीधर का कहना है कि वह इस प्रतिभावान खिलाड़ी की बैटिंग देखने को लेकर ज्यादा इंतजार नहीं करना चाहते।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए शुभमन को मयंक अग्रवाल और केएल राहुल पर तरजीह दी गई है। भारतीय टीम को कीवी टीम के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल शुक्रवार से खेलना था लेकिन बारिश की वजह से पहले दिन का खेल एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। शुभमन का इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। इसके बाद आईपीएल 2021 के पहले हाफ में भी वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक श्रीधर ने कहा गिल मिलियन डॉलर क्रिकेटर हैं। वह इस समय शानदार फॉर्म में हैं। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और मैं उन्हें जल्द खेलते हुए देखना चाहता हूं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए तय नियमों के अनुसार अब जरूरत पड़ने पर छठे दिन भी खेल हो सकता है, क्योंकि पहले दिन ही छह घंटे का खेल बर्बाद हो गया। बारिश और तूफान की भविष्यवाणी पहले से ही थी और कल शाम से ही जमकर वर्षा होने लगी जो दोपहर बाद तक भी जारी रही। चारों तरफ पानी जमा होने के कारण मैदान काफी गीला हो गया जिसे सुखाने की अच्छी व्यवस्था होने के बावजूद पहले दिन का खेल होना संभव नहीं था।

## आईएसएल और आई लीग में विदेशी खिलाड़ियों को नहीं खिलाए : स्टिमक



**कोलकाता (ए)।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे फुटबॉलरों के अभाव पर चिंता व्यक्त कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और आई लीग से सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ियों को तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। भारत के पास अच्छे स्ट्राइकरों के अभाव का सबूत कतर में विश्वकप क्वालीफायर मैचों में स्पष्ट रूप से सामने आया। भारत उम्रदराज सुनील छेत्री पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रहा। उन्होंने बांग्लादेश के विरुद्ध दो गोल किए,इसके बाद भारत अपनी एकमात्र जीत दर्ज करने में सफल रहा। भारत के 2023 एशियाई कप के अंतिम क्वालीफाईंग राउंड में जगह बनाने के बाद स्टिमक से अगले छेत्री के बारे में पूछे जाने पर उल्टे सवाल दाग दिए। आपको क्या लगता है कि भारत में कौन सा खिलाड़ी छेत्री की जगह ले सकता है? क्या आपको कोई ऐसा खिलाड़ी नजर आता है, जो सेंटर फारवर्ड के रूप में अहम भूमिका निभा सके? उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टीम को क्लबों से निकले खिलाड़ियों का फायदा मिलना चाहिए। राष्ट्रीय टीम कोई अकादमी नहीं है। हम खिलाड़ी पैदा करने की फैक्टरी नहीं हैं। टीम को उन कमजोरियों का सामना करना पड़ रहा है जो देश की शीर्ष लीग आईएसएल में दृष्टिगोचर होती हैं। हम उन्हीं खिलाड़ियों का उपयोग कर सकते हैं जो हमें आईएसएल, आई लीग या भारत की अन्य छोटी लीगों से मिलते हैं। राष्ट्रीय टीम के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। लेकिन हम उस (छेत्री) जैसा खिलाड़ी कहां खोजें?

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तब तकनीकी दक्षता रखने वाले खिलाड़ी बहुत अधिक नहीं हैं। अधिकतर टीमों में प्रमुख स्थानों पर विदेशी खिलाड़ी खेलते हैं। इसकारण खिलाड़ियों के चयन के लिए हमारा आधार बेहद सीमित है। और यह आसान नहीं है। जब हम भारतीय खिलाड़ियों का चयन करते हैं,तब हमारे पास बहुत कम विकल्प होते हैं। स्टिमक ने कार्यकाल हाल में सितंबर तक बढ़ाया गया था। उन्होंने आईएसएल में रेलीगेशन प्रणाली नहीं होने की भी आलोचना की।

## स्टुअर्ट ब्रॉड को बचपन से था अस्थमा, शर्म के मारे कभी साथियों को भी नहीं लगने दी भनक

**लंदन (ए)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड मौजूदा दौर के दिग्गज तेज गेंदबाजों में से एक हैं। टेस्ट क्रिकेट में 523 विकेट ले चुके ब्रॉड आज क्रिकेट की दुनिया का बड़ा नाम हैं। लेकिन एक बात जानकर आपको हैरानी होगी कि यह तेज गेंदबाज बचपन से ही अस्थमा से पीड़ित है। उन्होंने खुलासा किया है कि वह अपनी इस बीमारी को स्कूल में दोस्तों से छिपाया करते थे। 148 टेस्ट मैच खेलने वाले ब्रॉड ने बताया वह बचपन से ही अस्थमा से पीड़ित थे और 12-13 साल की उम्र तक उन्हें इस बीमारी के बारे में सबकुछ समझ में आ गया था। ब्रॉड ने बताया स्कूल के दिनों में उन्हें सांस की इस बीमारी में काफी परेशानी होती थी और अकसर उनकी तबीयत बिगड़ जाती थी। उन्हें स्कूल से छुट्टी लेनी पड़ती थी जिसके बाद दोस्त उनका मजाक भी उड़ाते थे। ब्रॉड ने बताया वह अपने दोस्तों को नहीं बताते थे कि उन्हें अस्थमा है, वह बस किसी और बीमारी का बहाना बना देते थे। स्टुअर्ट ब्रॉड ने खुलासा किया मैं बचपन से ही अस्थमा से पीड़ित था और मैंने इस बात को अपने दोस्तों को भी नहीं बताया।

## 6200 करोड़ के शेयर बेचकर किंगफिशर के लोन की रिकवरी करेंगे बैंक

**मुंबई (ए)।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में बैंकों का एक ग्रुप कर्ज वसूली के लिए भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या की तीन कंपनियों के शेयरों की बिक्री करेगा। इससे करीब 6,200 करोड़ रुपए की रिकवरी की उम्मीद है। यह कर्ज विजय माल्या ने अपनी एयरलाइन कंपनी किंगफिशर के लिए लिया था। यूनाइटेड ब्रूवरीज लिमिटेड, यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड और मैकडॉवेल होल्डिंग्स लिमिटेड में माल्या के शेयर्स बल्क डील्स के जरिए 23 जून को बेचे जाएंगे। अगर शेयर की बिक्री कामयाब रही तो यह बैंकों की किंगफिशर मामले में पहली बड़ी रिकवरी होगी। 2012 में यह कर्ज से एनपीए बन गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार शेयर्स की बिक्री बेंगलुरू के डेट रिकवरी ट्राइब्यूनल की निगरानी में होगी, जिसने रिकवरी ऑफिसर को 6,203 करोड़ रुपए के लोन की रिकवरी के लिए शेयर्स बेचने को अधिकृत किया है। अगर ब्लॉक डील के तहत शेयर्स की बिक्री नहीं हो पाती तो बैंक ब्लक या रिटेल के जरिए से शेयर्स बेच सकते हैं। विजय माल्या ने 17 बैंकों से करीब 9 हजार करोड़ रुपए और उनके ब्याज अब तक नहीं भरा है।

## अब गांवों में भी इंटरनेट की निर्बाध सेवा मिलती रहेगी

### देश भर में मौजूद एक लाख ग्रामीण स्तरीय उद्यमियों और युवाओं को भारत नेट की देखरेख का प्रशिक्षण दिया जाएगा



**नई दिल्ली (ए)।** अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंटरनेट की निर्बाध सेवा मिलती रहेगी। दिक्कत हुई तो गांव के युवा ही इसे ठीक कर लेंगे। ऐसा होगा कॉमन सर्विस सेंटर की एक पहल की बदौलत। कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी ने टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) के साथ करार किया है। इसके तहत देश भर में मौजूद एक लाख से अधिक ग्रामीण स्तरीय उद्यमियों और युवाओं को भारत नेट की देखरेख का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें ऑप्टिकल फाइबर की देखरेख का कार्य दिया जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को अपने गांव स्तर पर ही रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं की ट्रेनिंग का एक लाभ यह होगा कि ग्राम देहात में लोगों को निर्बाध इंटरनेट मिलता रहेगा। अगर कहीं पर कोई खराबी भी आएगी तो ग्रामीण युवा और ग्राम स्तरीय उद्यमी उन्हें दुरुस्त करेंगे। इससे ग्रामीण जनता भी सरकार की महत्वकांक्षी डिजिटल भारत योजना के साथ जुड़कर विभिन्न डिजिटल योजनाओं का लाभ हासिल कर पाएंगे। यह ट्रेनिंग कॉमन सर्विस सेंटर एकेडमी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। यह एकेडमी कॉमन सर्विस सेंटर का सीएसआर और शिक्षा विंग है। इसके तहत युवाओं को ऑप्टिकल फाइबर से जुड़े विभिन्न तरह की मरम्मत का कार्य सिखाने के साथ ही उन्हें इसकी उपयोगिता, इसे बिछाने और इसके माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने की ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी। यह ट्रेनिंग ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराने के साथ ही नियमित कक्षाओं के माध्यम से दी जाएगी, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को व्यावहारिक अनुभव भी हासिल हो। टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल ट्रेनिंग के पश्चात एक ऑनलाइन अध्ययन के माध्यम से सभी प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराएगा।

## अरहर, मूंग और उड़द दाल के दाम में आ रही गिरावट: सरकार



**नई दिल्ली (ए)।** खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि जमाखोरी रोकने के लिए राज्य सरकारों के साथ किए गए प्रयासों के बाद अरहर, मूंग दाल और उड़द की खुदरा कीमतें इस साल अब या तो स्थिर हो गई हैं या फिर इनमें गिरावट का रुख देखा जा रहा है। इस साल अप्रैल से 16 जून के दौरान इन तीन दालों की कीमतों में औसत वृद्धि पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च, 2021) की तुलना में 0.95 प्रतिशत थी। वर्ष 2020 की इसी अवधि में 8.93 प्रतिशत की वृद्धि और वर्ष 2019 की समान अवधि में 4.13 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में मौजूदा वृद्धि कहीं कम है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस साल एक जनवरी से 18 जून के बीच अरहर और उड़द के दाम में 10 रुपए किलो की बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा समय में, अरहर और उड़द, दोनों की खुदरा कीमतें एक जनवरी के 100 रुपए प्रति किलोग्राम के मुकाबले 110 रुपए प्रति किलोग्राम पर चल रही हैं। वहीं वर्ष की शुरुआत से मूंग दाल की खुदरा कीमत 100 रुपए प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी हुई है। केंद्र ने कहा कि उसने राज्य सरकारों के साथ मिलकर यह कदम उठाए हैं कि दालों की कीमतें उचित स्तर पर बनी रहें। केंद्र ने राज्यों से दलहन व्यापारियों और विभिन्न अंशधारकों को एक पोर्टल पर अपने स्टॉक का विवरण घोषित करने का निर्देश देने के लिए कहा था और इससे सकारात्मक परिणाम मिले। इसके अलावा सरकार ने चालू 2021-22 के वित्तीय स्थिरीकरण कोष में दलहन बफर के लक्षित आकार को बढ़ाकर 23 लाख टन कर दिया।

## अडानी समूह का बाजार पूंजीकरण 1.91 लाख करोड़ घटा

### सोमवार से ही कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बिकवाली जारी




**मुंबई (ए)।** देश के प्रमुख कारोबारी और अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में एक सप्ताह में 1.91 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। अडानी ग्रुप के 6 शेयर स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड हैं और सोमवार से ही इन शेयरों में भरी बिकवाली देखने को मिल रही है। हालांकि सप्ताह के आखिरी दिन अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी इंटरप्राइजिज के शेयर में 9.31 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में 7.15 प्रतिशत का उछाल आया लेकिन समूह की अन्य कंपनियों के शेयर लुढ़क कर बंद हुए। सोमवार के बाद कंपनी शेयरों में 22 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। दरअसल देश के एक बड़े आर्थिक अखबार ने सोमवार को रिपोर्ट दी थी कि अडानी समूह में निवेश कर रहे मारीशस के तीन फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफ.पी.आई.) के खाते नैशनल डिपाजिटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) ने फ्रीज कर दिए हैं। इस रिपोर्ट के बाद स्टॉक मार्कीट में कंपनी के शेयरों में सोमवार से ही भारी गिरावट शुरू हो गई। हालांकि सोमवार को ही कंपनी ने इस मामले पर सफाई जारी की और बाद में एन.एस.डी.एल. ने भी स्पष्टीकरण जारी किया कि मारीशस के ?फ.पी.आई. के खाते फ्रीज नहीं हुए हैं लेकिन इसके बावजूद समूह की कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का भरोसा नहीं बन पा रहा और कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बिकवाली जारी है।

अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में हो रही भरी बिकवाली के बीच शेयर बाजार के जानकार निवेशकों को इस समूह की कंपनियों में फ़िलहाल जोखिम न लेने की सलाह दे रहे हैं। सैमको सिक्योरिटीज के फाऊंडर जिम्मीत मोदी ने कहा कि हालांकि समूह की दो कंपनियों में शुक्रवार को खरीददारी हुई है क्योंकि चार दिन की गिरावट के बाद निवेशकों को इनकी कीमत आकर्षक लग रही है लेकिन समूह की अन्य कंपनियों में बिकवाली हो रही है और निवेशक अडानी समूह द्वारा इस संबंध में दी जा रही सफाई पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। एक बिजनेस अखबार द्वारा दी गई रिपोर्ट स्पष्ट रूप से गलत है और ऐसा जानबूझ कर निवेश करने वाले समुदाय को गुमराह करने के लिए किया गया है। विदेशी पोर्टफोलियो खाते सक्रिय हैं और वे फ्रीज नहीं हैं। इससे बड़े पैमाने पर निवेशक वैल्यू को आर्थिक मूल्य की और ग्रुप की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंच रही है। हम अडानी ग्रुप, दीर्घकालिक निवेशक हैं और हम मुख्य निवेशक बने रहेंगे। साथ ही हम रणनीतिक निवेशकों जैसे टोटल, क्यू.आई. और वैश्विक संस्थागत निवेशकों जैसे ब्लैकरॉक, वैंगार्ड, नॉर्जेज, आदि के साथ अपने संबंधों का विस्तार करना जारी रखेंगे।

## देशभर में अपनी संपत्तियां बेचकर 300 करोड़ जुटाएगी एयर इंडिया



**मुंबई (ए)।** विनिवेश के रास्ते पर चल रही सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी वाणिज्यिक और आवासीय संपत्ति बेचकर 200 से 300 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर रही है। एयर इंडिया ने संपत्तियों के लिए बोली मंगाई जिसमे उसके फ्लैट और भूखंड भी शामिल है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार एयर इंडिया ने एमएसटीसी के जरिए देशभर में मौजूद अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए ई-नीलामी बोलियां आमंत्रित की है। एक आवासीय भूखंड और मुंबई में एक फ्लैट, नई दिल्ली में पांच फ्लैट, बेंगलुरु में एक आवासीय भूखंड और कोलकाता में चार फ्लैट, उन संपत्तियों में से हैं, जिन्हें बिक्री पर रखा गया है। सूचना के अनुसार बिक्री के लिए औरंगाबाद में एक बुकिंग कार्यालय और स्टाफ क्वार्टर, भुज में एयरलाइन हाउस के साथ एक आवासीय भूखंड, नासिक में छह फ्लैट, नागपुर में बुकिंग कार्यालय और तिरुवनंतपुरम में एक आवासीय भूखंड और मंगलुरु में दो फ्लैट शामिल हैं।

## नैनो न्यूज

### मप्र के 50 फीसद जिलों में एक भी कोराना मरीज नहीं

**भोपाल।** प्रदेश के 50 फीसद जिलों में तो एक भी मरीज नहीं मिले हैं। बाकी जगह एक से लेकर नौ तक मरीज मिले हैं। अब प्रदेश में 2727 कोरोना के सक्रिय मरीज है जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में है। वहीं गुरुवार को प्रदेश में 110 कोरोना संक्रमित मिले हैं जबकि 28 मरीजों की मौत हुई है। संक्रमण दर घटकर 0.1 फीसद पर आ गई है। ये आंकड़े गुरुवार के हैं जो शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन में दिए गए हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक सबसे अधिक 24 संक्रमित भोपाल व 21 इंदौर में मिले हैं। उधर भोपाल समेत मप्र के लिए अच्छी खबर है कि जिस महिला में कोरोना वायरस का डेल्टा प्लस वैरिएंट मिला था, उसके संपर्क में आए सभी लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। रिपोर्ट आने के पूर्व अंदेशा था कि कहीं महिला के संपर्क में आने वाले लोग भी संक्रमित न हो गए हो। इस को ध्यान में रखते हुए सरकार के निर्देश पर 25 लोगों की कांट्रैक्ट ट्रैसिंग के तहत जांच की गई थी। इनमें से 12 लोगों की रिपोर्ट शुक्रवार को आई है। बाकी की रिपोर्ट पूर्व में ही आ चुकी थी। बता दें कि बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में रहने वाली महिला संक्रमित हुई थी। कोरोना वैरिएंट की जांच के लिए महिला का रेंडम सैंपल लिया था जिसे जांच के लिए लैब में भेजा था। बुधवार को आई रिपोर्ट में डेल्टा प्लस वैरिएंट मिलने की पुष्टि हुई थी। महिला की तबीयत पहले ही ठीक हो चुकी है।

### वैक्सीनेशन के लिये ग्रामीणों को पीले चावल दिये

**भोपाल।** मुरैना जिले के विभिन्न ग्रामों के बाशिंदों को कोरोना वैक्सीनेशन के लिये जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अनूठा तरीका अपनाया। अधिकारियों ने ग्रामीणजन को घर-घर पीले चावल भेजकर उन्हें वैक्सीनेशन के लिये आमंत्रित किया। जिस प्रकार शादी का आमंत्रण देने के लिये कार्ड को पीले चावल लगाकर शुभ संकेत दिया जाता है, ठीक उसी प्रकार जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को पीले चावल भेजकर उन्हें वैक्सीन के टीके लगवाने के लिये आमंत्रित किया। यह नवाचार ग्रामीणों को न केवल काफी रोचक लगा, वरन् वे इससे अधिकाधिक संख्या में वैक्सीनेशन कराने के लिये प्रेरित हुए। वैक्सीनेशन सेंटर्स पर इस नवाचार से बड़ी संख्या में ग्रामीण दम्पत्ति पहुँचने लगे। अधिकारियों ने ग्रामीणों का स्वागत किया। वैक्सीनेशन सेंटर्स पर अधिकारियों ने ग्रामीणों का फूल-मालाओं से स्वागत भी किया।

### चीन के खिलाफ जंगी तैयारी में जुटा अमेरिका

**वॉशिंगटन (ए)।** चीन और रूस की चुनौती से निपटने के लिए अमेरिका ने जंगी तैयारी तेज कर दी है। अमेरिका ने खाड़ी देशों सऊदी अरब, इराक, कुवैत, जॉर्डन से 8 पैट्रियोटऐंटी मिसाइल सिस्टम हटा रहा है। यही नहीं अमेरिका सऊदी अरब में हूती विद्रोहयों के मिसाइल हमले से निपटने के लिए तैनात किए गए बेहद शक्तिशाली थाड सिस्टम को भी वापस ले जा रहा है। यही नहीं इस इलाके के लिए तैनात फाइटर जेट की संख?या को भी कम किया जा रहा है। एक अमेरिकी अखबार के मुताबिक बाइडन प्रशासन के रुख में यह बदलाव खाड़ी देशों में तनाव के कम होने और सऊदी अरब-ईरान में बातचीत शुरू होने और अमेरिका के रणनीतिक अनिवार्यता में बदलाव के बाद लिया गया है। बाइडन प्रशासन ने यह फैसला ऐसे समय पर लिया है जब अफगानिस्तान से भी अमेरिकी अभियान खत्म हो रहा है। इस वजह से इस इलाके से सैनिकों और हथियारों को कम किया जा रहा है। बाइडन प्रशासन अब अपनी सेना को चीन पर केंद्रित करना चाहता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उसका मुख्य प्रतिद्वंदी बनकर उभरा है। अमेरिका ने ईरान के साथ तनाव को कम करना शुरू कर दिया है और अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते पर फिर से बातचीत करना चाहता है।

# आबकारी व पुलिस विभाग की बड़ी कार्यवाही



### अवैध शराब की भट्टी और 41 हजार किलो महुआ लाहन नष्ट

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ

**भोपाल (पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त अजय शर्मा, एडीशनल एसपी अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा संग्रहण विनिर्माण के विरुद्ध अभियान में शनिवार को सोनकच्छ टपरा, तरावली जोड़, बैरसिया पठार में आबकारी विभाग औरभोपाल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्यवाही में जमीन में गड़े ड्रमों, कुप्पों, टँकियों, चलती बड़ी भट्टियों के कन्टेनर से हाथभट्टी मदिरा का जखीरा और भारी मात्रा में लाहन बरामद हुआ। छापामार अभियान के लिए पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त गठित टीम जिसमें राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम, संभागीय उड़नदस्ता एवम आबकारी कन्ट्रोलर भोपाल सजेंद्र मोरी एवं आबकारी भोपाल की पूरी टीम तथा एसडीओपी बैरसिया श्री के.के. वर्मा, टीआई बैरसिया, टीआई गुनगा और उनकी पूरी टीम के साथ ग्राम तरावली, बैरसिया में पठार जंगलों व नालों के किनारे तड़के 5 बजे दबिश दी।

भारी बारिश से खेतों और नाले किनारे कीचड़ जमा था जिसे पार करते हुए टीम ने टपरों में छानबीन की तो रहवासी कंजड़ों ने पत्थर चलाकर भारी प्रतिरोध किया। पूरी टीम द्वारा घेराबन्दी की गई तो आरोपी जंगलों में भाग गए जिनकी पहचान की जा रही है, उनसे जमीन में गड़े ड्रमों, कुप्पों, टँकियाँ में भरा और हाथ भट्टी में चड़ा लगभग 41000 किलोग्राम महुआ लाहन और लगभग 1190 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवम (च) के तहत कुल 22 प्रकरण कायम किये गए है। लाहन का सेंपल लेकर मौके पर विधिवत नष्ट किया गया।

उक्त कार्यवाही में जिले के समस्त कार्यपालिक बल एवं होमगार्ड के जवानों का सराहनीय योगदान रहा। अवैध मदिरा एवं शराब तस्करों के विरुद्ध भोपाल आबकारी द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## सिपाही बनने की तमन्ना पूरी नहीं हुई तो नकली वर्दी पहनकर 2 दुकानदारों को ठगा, पुलिस ने भेजा जेल



गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे।

मुरैना / सिपाही बनकर सबलग? व पहा?गढ़ के दुकानदारों से ठगी कर रहे नकली सिपाही रिंकू ठाकुर उर्फ विनय उइके निवासी छिंदवा?ा को कैलारस पुलिस ने गिरफतार कर शुक्रवार को जेल भेजा है। पक? गए आरोपी के खिलाफ दो दुकानदारों ने 13 हजार रुपए का सामान बिना भुगतान ले जाने की शिकायत की आरोपी रिंकू ठाकुर उर्फ विनय पुत्र देवेन्द्र उइके 34 साल निवासी छिंदवा?ा को कैलारस पुलिस ने जब पहा?गढ़ रोड से गिरफतार किया तो वह मध्यप्रदेश पुलिस की वर्दी पहने था और उसके पास लाल कलर की बाइक की नंबर प्लेट पर भी पुलिस लिखा था। शक तब हुआ जब नकली सिपाही की वर्दी पर पुलिस का नीले रंग का कप? का बैज बाएं की जगह दाएं हाथ पर लगा था। नकली सिपाही बालों की कटिंग व सेविंग से भी पुलिसमैन नजर नहीं आया तो पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले आई। फर्जीवा?ा सामने आने पर कैलारस पुलिस ने आरोपी रिंकू ठाकुर के खिलाफ धारा 420, 419, 171,177,411 ताहि. के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दिया

## समाज सेवी डॉ महेन्द्रसिंह नेतृत्व मे गायत्री सिनेमाघर परिसर मे जरंरतमदों को खाद्य सामग्री का वितरण किया

पुष्पांजली टुडे।

**मैसूरु।** गायत्री सिनेमाघर परिसर में संदलवुड कलाकार दर्शन अभिमानी संघ की ओर से सिनेमाघर के कर्मचारियों को राशन सामग्री के किट वितरित किए गए इस दौरान समाज सेवी डॉ महेन्द्रसिंह ने बताया की कोरोना के सक्रमंण को रोकने के लिए सरकार ने लॉकडाऊन का पालन करते हुए सभी सिनेमा घर बंद है ऐसे मे सिनेमाघरों मे काम करने वाले मजदूर के लिए आर्थिक सहयोग देना बहुत जरूरी है इसी क्रम मे आज जरंरतमदो को खाद्य सामग्री व सैनेटाईजर मास्क का वितरण किया इस मोके पर मंडया रमेश,पूर्व पार्षद संदेश स्वामी,बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित,राजाराम ,एसई गिरीश, विक्रम अयंगर आदि मौजूद रहे ।




## कलेक्टर एवं एसपी ने किया जिला सेनानी होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे



भिण्ड (ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पुराना किला परिसर में स्थित जिला सेनानी होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, प्लाटून कमाण्डेंट एसडीईआरएफ सुश्री पूजा परिहार, अन्य अधिकारी एवं होमगार्ड सैनिक उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने जिला सेनानी होमगार्ड कार्यालय के स्टोर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बोट, सैफ्टी हार्नेस सहित आपदा के समय में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने आपदा के समय लोगों की मदद कैसे करें की स्थिति को भी जाना। उन्होंने आपदा के समय होने वाली कठिनाईयों के बारे में होमगार्ड सैनिकों को समझाईस दी।

## ग्राम नागदा में पहला रक्तदान

### शिविर सम्पन्न 11रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे



श्योपुर ग्राम नागदा मे रक्तदान जागरूकता अभियान के क्रम मे ग्राम नागदा मे नागेश्वर नवयुवक भक्त मंडल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमे 11 रक्तदाताओं ने शिविर मे रक्तदान किया जिन्हें अतिथियो द्वारा रक्तदान किया शिविर मे इन्होंने किया रक्तदान राकेश मीणा, विक्रम शर्मा, हनुमान सुमन, रामविलास सुमन, बलराम मीणा,हरिओम सुमन, रामभरोस मीणा, भगत गोस्वामी, रामरुप मीणा, मूलचंद आदि ने रक्तदान किया कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे स्वः मुकेश गुप्ता सेवा न्यास के अध्यक्ष महावीर गुप्ता, पुष्पा श्री फाउंडेशन अध्यक्ष अरुण ओसवाल, राष्ट्र भक्त युवा संगठन अध्यक्ष संजय मंगल, धर्मसिंह चौधरी, दिनेश साहू, दीनू मीणा परसावत,मूलचंद मीणा सहित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.मुकेश मीणा, शिवराज अटेरिया, योगेंद्र भदोरिया,कमल सुमन, अभिषेक मोर्य, मंजूला डाबर,मानषी गर्जभिय आदि मौजूद थी।

## युवा कांग्रेस द्वारा मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे



गोहद -भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा कोरोना काल में लोगों की मदद का कार्य निरंतर किया जा रहा है 19 जून को कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर भिंड युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व में कि पूरे जिले में युवा कांग्रेस द्वारा सभी विधानसभाओं में राहुल गांधी जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया भिंड युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.राजकुमार देशलहरा द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर गरीब परिवारों को (राशन) खाद्य सामग्री वितरण एवं फल वितरण किया गया साथ ही मास्क सैनिटाइजर का वितरण भी किया गया एवं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर एवं विधायक मेवाराम जाटव द्वारा स्वास्थ्य केंद्र गोहद में फल एवं मास्क वितरण का कार्य किया गया इस मौके पर गोहद विधायक मेवाराम जाटव नगर अध्यक्ष टोनी मुद्गल ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ,प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला,तहसील साह,साबू खान धारा सिंह नवल किशोर बरैया, राहुल उपाध्याय, सौरभ करसोलिया, गौतम गहलोत, बबलू बरैया, प्रदीप नागर,गौरव कोहली,भानु गुर्जर, राजेंद्र परिहार, शाहरुख शाह,जावेद पठान, बृजेश कुशवाह, विकास बरैया, आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाइडन ने कहा- देश में 150 दिन में लगाए गए 30 करोड़ टीके

**वॉशिंगटन (ए)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि देश में उनके कार्यभार संभालने के बाद से 150 दिन में कोरोना वायरस रोधी टीकों की 30 करोड़ खुराक लगाई गईं। बाइडन ने इसका श्रेय वैज्ञानिकों, कंपनियों, अमेरिकी लोगों और उनकी सरकार के प्रयासों को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि 65 प्रतिशत वयस्कों को कम से कम एक खुराक लग गई है, जिससे उम्मीद है कि इस बार गर्मियों में हालात अपेक्षाकृत सामान्य रहेंगे, कारोबार फिर से खुलेंगे और नियोक्ता भर्तियां करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा ?कि पिछले साल की तुलना में अगली गर्मियों में स्थिति अलग होगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि इस बार गर्मियां खुशियां लेकर आएं। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने बताया कि अमेरिका में एक जून तक 30 करोड़ 50 लाख खुराक दी गई थीं। लगभग 14 करोड़ 16 लाख लोगों या अमेरिका की 42.6 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। अमेरिका में करीब दो सप्ताह पहले करीब 20 लाख लोगों को प्रतिदिन टीके लग रहे थे, लेकिन इस गति में अब कमी आई है, जिसके कारण 70 प्रतिशत आबादी का चार जुलाई तक कम से कम आंशिक टीकाकरण कर दिए जाने का बाइडन का लक्ष्य संकट में नजर आ रहा है। बाइडन प्रशासन का कहना है कि 70 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य भले ही पूरा न पाए। लेकिन इसका अमेरिका के समग्र रूप से पटरी पर लौटने पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।

## नैनो न्यूज

### नशे में अधेड़ फांसी पर झूला

**ग्वालियर।** शहर के पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में स्थित शिवानी नगर में एक अधेड़ ने नशे की हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के शिवानी नगर निवासी विष्णु पाल नशे का आदी था। सुबह वह नशा कल घर आया और कमरे में जाकर फांसी पर झूल गया ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालवालों ने धर्म परिवर्तन नहीं करने पर महिला को बच्चों सहित घर से

**ग्वालियर।** एक महिला ने दस साल पहले बिना धर्म परिवर्तन किए मुस्लिम युवक से शादी की थी। उसके तीन बच्चे हैं। ससुराल के लोगों ने धर्म परिवर्तन नहीं करने पर उसे बच्चों सहित घर से महिला का आरोप है कि धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की शिकायत पर पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। पीडित महिला पुलिस के खिलाफ अपने पति और बच्चों को साथ झांसी की रानी के समाधि स्थल पर धरने पर बैठी है। यह पता चलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर निवासीपीड़ित मधु बाथम का कहना है कि करीब 10 साल पहले बिट्टू खान से प्रेम हुआ। दोनों ने धर्म के बंधन को तोड़कर लव मैरिज की। उस समय तय हुआ था कि बिट्टू खान अपना धर्म परिवर्तन कर हिंदू रिति रिवाज से मधु से शादी करेगा। ऐसा ही हुआ। और शादी हुई और उसके बाद उन दोनों के 3 बच्चे भी हुए। बिट्टू खान ने अपना धर्म बदल लिया, लेकिन उसने मधु से कभी नहीं कहा कि वह हिंदू आस्थाओं को छोड़कर पति का मुस्लिम धर्म अपनाए। पर यह बात बिट्टू के परिवार वालों को शुरू से खटक रही थी। कई बार उन्होंने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला। मधु का आरोप है कि बिट्टू का बड़ा भाई टीटू खान, उसकी पत्नी रेशमा, जेठ भैया खान, उसकी पत्नी साइना, सास अनीशा बेगम, देवर गोली, ननद रीना, ननदोई नदीम व छोटी ननद निशा खान कई सालों से लगातार धर्म बदलने के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। अब ससुराल वालों ने दो दिन पहले मधु, उसके पति बिट्टू व बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। मधु ने आरोप लगाया कि जब पुलिस थाने पहुंची तो फोन पर धमकाया गया। जब पुलिस बल उसे घर छोड़ने पहुंचा तो उनकी मौजूदगी में भी गाली-गलौज और धमकियां दी गई। इसके बावजूद आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। परेशान होकर मधु, बच्चे पति सहित रानी लक्ष्मी बाई समाधि स्थल पर धरने बैठ गई ।

### सटोरिया पकडऩे गई पुलिस ने गांजा तस्कर दबोचे....आठ किलो गांजा बरामद

**ग्वालियर।** शहर के सचिन तेंदुलकर मार्ग पर सट्टे की सूचना मिलने पर सटोरिया तलाशने पहुंची थाटीपुर थाना पुलिस के हाथ गांजा लेकर आए दो तस्कर लगे हैं। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों से गांजा और बाइक जब्त कर ली है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना प्रभारी को बीते सचिन तेंदुलकर मार्ग पर सट्टे की सूचना मिली थी, सूचना की तस्दीक के लिए रामेश्वर कौशल, ब्रह्मानंद शर्मा, जितेन्द्र झाला, प्रधान आरक्षक बेताल सिंह यादव, अजय कुमार, दिनेश सिंह, आरक्षक पवन झा, आकाश तोमर तथा राजेश सिकरवार को कार्रवाई के लिए पहुंचाया। पुलिस पहुंची और तलाश करना शुरू कर दिया, तभी एक प्लेटिना बाइक तेजी से निकली, जिस पर पुलिस कर्मियों को शंका हुई और पीछा कर उसे पकड़ा। पुलिस ने बाइक सवारों की तलाशी ली तो उनके पास से करीब आठ किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 78 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस पकड़े गए। तस्करों ने पूछताछ में अपने नाम जागेश पुत्र हरिओम निवासी भितरवार तथा दूसरे ने अपना नाम बंटी विश्वकर्मा निवासी डबरा बताया है। पुलिस ने तस्करों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# लालच में गंवाए 10 लाख रुपए: चिटफंड कंपनी ने एक साल में पैसे दोगुने होने के झांसा दिया

### युवक ने पत्नी के गहने गिरवी रखकर दिए थे रुपए और फिर हो गई फरार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक साल में रकम डबल करने का झांसा देकर चिटफंड कंपनी युवक से 10 लाख रुपए लेकर गायब हो गई। जब एक साल पूरा हो गया। डबल रकम नहीं मिली, तो युवक हजीरा थाने पहुंचा। यहां पता लगा यह लोग और कंपनी शहर के कई लोगों को ऐसे ही चूना लगाकर भागे हैं। पुलिस ने चिटफंड कंपनी चलाने वालों पर मामला दर्ज कर लिया है। कंपनी के कुछ सदस्य भिंड के भी बताए जा रहे हैं। उन्होंने भिंड, मुरैना में भी इसी तरह जाल फैलाया हुआ है। हजीरा के इंद्रा नगर में रहने वाले भूपेश वर्मा पुत्र घनश्याम दास वर्मा निजी संस्था में जॉब करता है। वर्ष 2019 में उनकी मित्रता अमित जैन पुत्र कैलाश चंद्र जैन निवासी चितेरा ओली से हुई। मित्रता होने के बाद अमित ने बताया, वह ट्रेडिंग कंपनी फॉर एवर का संचालन करता है। साथ ही, उसे अच्छे जॉब का झांसा दिया। बताया कि वह कंपनी में इंवेस्ट करे, तो एक साल में उसकी रकम दोगुना हो




जाएगी। बातों में आकर भूपेश ने 10 लाख रुपए जमा करा दिए। यह रुपए उसने अपने रिश्तेदारों से पत्नी के गहने गिरवी रखकर उधार लिए। उसे लगा एक साल में दोगुना हो जाएंगे, तो चुका देगा। रुपए जमा होने के बाद जब नियत समय आया, तो भूपेश ने पेमेंट करने को कहा। इस पर पहले तो वह टालता रहा। काफी समय बीत गया, तो अमित ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। ठगी का शिकार युवक थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**पत्नी के गहने गिरवी और क्रेडिट कार्ड पर लिया था लोन:** पीड़ित ने पुलिस अफसरों को बताया कि रुपए जमा कराने के लिए उसने अपनी पत्नी के गहने गिरवी रख दिए और क्रेडिट कार्ड पर लोन लेकर अमित जैन की कंपनी में रुपए जमा कराए थे। सोचा था, जब रकम डबल हो जाएगी, तो सभी का पैसा ब्याज सहित चुका देगा।

**पहले भी आ चुकी हैं शिकायतें:** इस चिटफंड कंपनी का ठगी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी शहर में कई शिकायतें आ चुकी हैं, बल्कि पुलिस को ऐसा भी पता लगा है कि यह चिटफंडी भिंड, मुरैना में भी सक्रिय हैं।

### वैक्सीन लगवाओ TV, फ्रीज, वॉशिंग मशीन पाओ: , लक्की ड्रॉ से सिलेक्ट होंगे 50 नाम, मिलेगा इनाम

# अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर 60 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट

**ग्वालियर।** हो सकता है 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर आप वैक्सीन लगवाने जाएं और साथ में TV, फ्रीज, वॉशिंग मशीन या अन्य कोई प्रोडक्ट घर ले आएं। जी हां, यह सही है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर वैक्सीनेशन का महाअभियान शुरू होने जा रहा है। 60 हजार लोगों को वैक्सीन लगाया जाना है। युवाओं को वैक्सीन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ग्वालियर कलेक्टर ने इनाम का सहारा लिया है। वैक्सीनेशन सेंटर से पर्ची मंगाकर लक्की ड्रॉ में 50 लोगों का नाम निकाला जाएगा। जिनको TV, फ्रीज, वॉशिंग मशीन और दूसरे सामान उपहार में मिलेंगे। तो क्या सोच रहे हो। तैयार हो जाओ सोमवार को वैक्सीनेशन के महाअभियान के लिए। ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रहेगा।



**60 हजार को वैक्सीन लगाने का टारगेट:** वैक्सीनेशन के महा अभियान में पूरे जिले में 60 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट रखा गया है। इसके लिए जिले के हर सेंटर पर वैक्सीनेशन होगा। जिले में लगभग 200 से ज्यादा सेंटर पर वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए कलेक्टर ने शनिवार को वैक्सीनेशन के महाअभियान में शामिल दलों को प्रशिक्षण भी दिया।

**शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर मिलेगी इनाम:** कलेक्टर ग्वालियर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने वैक्सीनेशन कराने वाले दलों को साफ शब्दों में कहा है कि बिना किसी टेंशन के काम करें। जिले में महा अभियान के लिए 300 दल बनाए गए हैं। इसके अलावा 60 से ज्यादा वैक्सीन मोबाइल, गांव व वार्ड, ब्लॉक स्तर पर घूमेंगी। साथ ही इनको कहा गया है कि सभी को जो टारगेट दिया गया है उसे शत प्रतिशत पूरा करने इनाम मिलेगी। जो ड्यूटी से गायब मिलेगा उस पर केस दर्ज कराया जाएगा।

**पहली बार सुबह 7 बजे से वैक्सीनेशन:** अभी वैक्सीनेशन सुबह 9 बजे से शुरू होता है, लेकिन महा अभियान के लिए सेंटर पर सुबह 7 बजे से वैक्सीनेशन शुरू हो जाएगा। इसलिए 6 बजे वैक्सीनेशन टीमों को सेंटर पर पहुंचना पड़ेगा। वैक्सीन दल जो डोज लेकर पहुंचेंगे वह सुबह 6.30 बजे पहुंचेंगे। जो शाम तक जारी रहेगा। महाअभियान के लिए 67,500 डोज ग्वालियर को मिल गए हैं।


**आप कैसे हो सकते हैं महा अभियान में शामिल:** वैक्सीनेशन के महा अभियान का आप कैसे हिस्सा बन सकते हैं। इसके लिए लोगों में जिज्ञासा है। तरीका वही है, जो अभी तक चलता आ रहा है। कोविन एप या वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर अपना स्लॉट बुक करा सकते हैं। जिनको ऑनलाइन स्लॉट नहीं मिलेगा। वह ऑफलाइन स्लॉट बुक सेंटर पर जाकर करा सकते हैं। जिनकी ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो सकेगी उनके नाम रजिस्टर में नोट किए जाएंगे। जिनको बाद में ऑनलाइन किया जाएगा।

**जागरूक करने एक प्रयास:** कलेक्टर ग्वालियर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक युवाओं को वैक्सीन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस से चलाए जा रहे महा अभियान के तहत 21 जून (सोमवार) को जो भी लोग वैक्सीन लगवाएंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के माध्यम से 50 लोगों का चयन किया जाएगा। जिनको जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन के लिए आकर्षक इनाम दिया जाएगा।

### किराए पर कमरा नहीं दिया तो बाइकों मे लगा दी आग

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के न्यू गोविन्दपुरी मे किराए से कमरा लेने आए युवकों को जब कमरा नहीं दिया तो वह विवाद कर चले गए। कुछ देर बाद वह वापस आए और पार्किंग में घटना का पता चलते ही पुलिस और दमकल अमला मौके पर पहुंचा और आग पर पानी फायर किया। एक बाइक पूरी जलकर खाक हो गई, जबकि दूसरी को जलने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के न्यू गोविन्दपुरी निवासी आशीष शर्मा पुत्र केशवदत्त शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं। बीती रात खाना खाकर वह गए थे। रात करीब एक बजे अज्ञात व्यक्ति ने उनकी तथा उनके दोस्त अंकित परिहार की बाइक में आग लगा ली। आग लगाने का पता चलते ही उन्होंने शोर मचाया और पुलिस तथा दमकल अमले को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल अमला मौके पर पहुंचा और पानी फायर कर आग बुझाई।

# गांव से लौटा रुक्का परिवार तो खुली पड़ी थी तिजोरी, चोरी हो चुके थे पुश्तैनी गहने, नकदी



**ग्वालियर।** शहर के मयूर नगर में चोर एक सूने मकान के ताले चटकाकर गहने, नकदी सहित 4 लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं। वारदात एक रुक्का के घर में हुई है। रुक्का ग्वालियर से भिंड मिहोना अपने गांव पूजा करने के लिए परिवार सहित गया था। अगले दिन लौटा तो पता लगा कि चोरी हो गई है। घटना शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात मयूर नगर थाटीपुर में हुई है। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

थाटीपुर में मयूर नगर निवासी पवन गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता एक दवा कंपनी में रुक्का (मेडिकल रिप्रेंटेटिव) हैं। शुक्रवार को वह वार्षिक पूजा कराने के लिए परिवार के साथ अपने गांव मिहोना गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से घर पर ताले लगा गए थे। शनिवार सुबह जब वह वापस लौटे तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी का पता चलते ही तत्काल थाटीपुर थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

**यह सामान गया चोरी:** MR पवन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके घर से चोर अलमीरा में रखे 50 हजार रुपए कैश, पुश्तैनी गहने करीब 5 से 6 तौला सोने के चोरी कर ले गए हैं। इसके अलावा LED TV, मिक्सर ग्राइंडर, कपड़े व बर्तन तक ले गए हैं। चोरों को पता था कि रात को परिवार नहीं आने वाला है। इसलिए तसल्ली से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

**CCTV में दिखे संदेही चोर:** पीड़ित और पुलिस अफसरों ने जब आस-पास लगे CCTV कैमरे खंगाले तो दो युवक उनके घर से निकलते दिखाई दिए हैं। एक युवक सिर पर पोटली लेकर जाता दिखा है तो दूसरा रिक्शे में सामान लेकर जाता दिखाई दिया है। पुलिस अब फुटेज के सहारे चोरों की तलाश में जुट गई है।

**अनलॉक होते ही बढ़ीं चोरी:** पिछले कुछ दिन में अनलॉक होते ही चोर गिरोह सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने अनलॉक के 19 दिन में 44 चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है, जबकि पुलिस आधा दर्जन वारदातों का भी खुलासा नहीं कर सकी है।




मध्य प्रदेश पुलिस में अपनी सेवाये दे रहे

गोले का मन्दिर थाना में पदस्थ

श्री अरविंद शर्मा जी को

प्रधान आरक्षक बनने पर

बधाई एवं शुभकामनायें



PRABAL RAJAWAT
(medicine counselor)
M.9584013254

Airson PHARMA

PRASHANT BHADOURIYA
M.8279318693

Patient Home Care Services
we care for you

24 hours healthcare facilities at home Patient and child care taker facilities male and female All nursing care at home Hospital duty SOS .nursing staff available All specialist and consalting at your home Blood urin sample collect your home

Shivendra singh
(Gwalior diagnostic)
M.9713193637

Near madhav plaza lashkar Gwalior 474001


# दीन दुखियों को मदद करना कांग्रेस का उदेश्य: डॉ देवेन्द्र शर्मा




**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में आज कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ग्वालियर महानगर में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कुष्ठ आश्रम बोहड़ापुर में मिठाई, फल वितरण, वृद्धा आश्रम में फल वितरण, खाद्यांन सामग्री वितरण, मास्क वितरण, सुंदरकांड का पाठ सम्पन्न हुआ। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने महानगर में आयोजित कायक्रमो में कहा कि राहुल गांधी ने देश की एकता अखंडता के लिये युवाओं का जागृत करने के लिये और कोरोना काल में देश सेवा के लिए अग्रीण रहे है, उनके जीवन की दीर्घयू, कामना करते हुए 51 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी है। राहुल गांधी जी का संदेश है कि दीन दुखियों, गरीब बेसहारा, शोषित पीड़ितो के दुख संकट में प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा रहे।

**दीनदयाल नगर मुक्तिधाम में 51 वृक्षो का वृक्षारोपण:** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में दीनदयाल नगर मुक्तिधाम में 51 वृक्ष लगाकर राहुल गांधी के संदेश को जनता तक पहुंचाने में कार्य किया है, वृक्षारोपण से दीनदयाल नगर का वातावरण प्रदूषण मुक्त होगा।

**गरीबो को किया खांद्यान वितरण:** गरीबो को खाद्यान वितरण करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसाना, एनएसयूआई के अध्यक्ष शिवराज यादव ने जरूरतमंद गरीब वर्ग को खाद्यान वितरित करते हुए कहा कि अनिवार्य खाद्य अधिनियम राहुल गांधी ने कांग्रेस शासन काल मे लागू कराकर गरीव वर्ग को रोटी खाने का अधिकार दिया है।


SOMYA GROUP
सौम्या डिजिटल सर्विसेस
सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्य किये जाते है।

आयुष्मान कार्ड | फोटो कॉपी | पेन कार्ड
अर्जेन्ट फोटो | वाहन बीमा | कलर प्रिन्ट
खसरा खतौनी | रेल्वे/बस टिकट | लाईट बिल
कॉलेज / स्कूल फीस | आय प्रमाण | MOBILE/DTH
जीवन प्रमाण पत्र | मूल निवासी | आय/जाति
समग्र आईडी | बिल भुगतान | ड्रायविंग लायसंन्स
हेल्थ इंन्सोरेन्स | पर्सनल इंन्सोरेन्स | वाहन बीमा

9713253992, 8889981102


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478